रोहतक, गुरुवार 8 मई 2025 ■ वैशाख मास शुक्ल पक्ष-एकादशी ■ वर्ष : 29, अंक : 97 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 3.00 मौसम अधि.37.3 न्यून.20.5 haribhoomi.com

# हरिभूमि


हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



**25 मिनट में पहलगाम हमले का लिया प्रतिशोध**

- सेना ने दहशतगर्दों का सिर कुचला
- लश्कर और जैश के मुख्यालय तबाह






• खून की कमी • पेडू में दर्द • कमर कटना • तनाव • चिड़चिड़ापन

90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक

• कमज़ोरी • हथेली व तलवों में जलन • खून साफ़ करे • रूप निखारे

आदि में सहायक




पूरे माह रहें एक्टिव, फिट व स्वस्थ

हेमपुष्पा

Helpline: 011-23261111

## ऑपरेशन सिंदूर

### पाक में 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक

# आतंकवाद के खिलाफ एक्शन में भारत, दहशत में पाकिस्तान, सीमा पर कर रहा गोलीबारी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली/मुंबई/बेंगलुरु

भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुए कठोर जवाबी कार्रवाई में मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिनमें आतंकवादी समूहों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के गढ़ भी शामिल हैं। भारत ने 25 मिनट तक कार्रवाई की। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पहलगाम में हुए हमले के पंद्रह दिन बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम से शुरू की गई सैन्य कार्रवाई के लक्ष्यों में पंजाब प्रांत में बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ भी शामिल था, जो भारतीय सीमा से 100 किलोमीटर दूर स्थित है। जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मौलाना मसूद अजहर ने स्वीकार किया कि बहावलपुर में संगठन के मुख्यालय पर भारत के मिसाइल हमले में उसके परिवार के 10 सदस्य और चार करीबी सहयोगी मारे गए। हालांकि, पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि यदि नयी दिल्ली नरम रुख अपनाती है तो इस्लामाबाद उसके साथ तनाव समाप्त करने के लिए तैयार है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने भारतीय हमलों को ''अकारण'' बताया और कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन किया है। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि इन हमलों में कम से कम 31 लोग मारे गए और 46 अन्य घायल हो गए।

संबंधित पैकेज पेज-8 पर

1. वायुसेना ने देर रात पहलगाम आतंकी हमले का बदला लिया
2. आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया
3. सुबह प्रेस कान्फ्रेंस कर ऑपरेशन की जानकारी दी, वीडियो भी दिखाया
4. 25 मिनट में हिजबुल और लश्कर के ट्रेनिंग कैंप तबाह किए
5. पाकिस्तान ने भारत के 5 फाइटर जेट गिराने का झूठा दावा किया
6. पीएम ने ऑपरेशन को मॉनिटर किया, तीनों सेनाओं की तारीफ की
7. बोले-यह नया भारत पूरा देश हमारी तरफ देख रहा, ये तो होना ही था
8. एनएसए डोभाल ने 8 देशों के समकक्ष से वार्ता कर जानकारी दी

## भारत में हाई अलर्ट, 300 से अधिक उड़ानें रद, 25 हवाई अड्डे अस्थायी रूप से बंद, सीमावर्ती इलाकों में बढ़ाई चौकसी



जैश-ए-मोहम्मद के 4, लश्कर ए तैयबा के 3 और हिजबुल के 2 ठिकानों पर दागीं मिसाइलें

## रात 1:05 बजे से 1:30 बजे के बीच ऑपरेशन, पाकिस्तान और पीओके में मिसाइल से सटीक हमले, आतंकी ठिकाने ध्वस्त, 31 आतंकवादी मारे

## आतंकी मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य व चार सहयोगी मारे गए



पाकिस्तान के आतंकी संगठनों पर एयर स्ट्राइक की जानकारी देते हुए कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि 25 मिनट में पाकिस्तान और पीओके में 9 टारगेट पहचाने गए थे। इन्हें हमने तबाह कर दिया। सेना ने दो मिनट का वीडियो भी जारी किया। लॉन्चपैड, ट्रेनिंग सेंटर्स टारगेट किए गए। पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की तारीफ की।

### ये ठिकाने किए नष्ट

- पीओके में मुजफ्फराबाद स्थित लश्कर के सवाई नाला ट्रेनिंग सेंटर को सबसे पहले निशान बनाया गया। सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम हमले के आतंकियों ने यहीं ट्रेनिंग ली थी।
- मुजफ्फराबाद का सैयदना बिलाल कैंप। यहां हथियार, विस्फोटक और जंगल सर्वाइवल की ट्रेनिंग दी जाती थी।
- कोटली का लश्कर का गुरपुर कैंप। पूंछ में 2023 में श्रद्धालुओं पर हमला करने वाले आतंकी यहीं ट्रेंड हुए थे।
- कोटली का अब्बास कैंप। यह एलओसी से 13 किमी दूर है। यहां फिदायीन तैयार होते हैं।
- भिम्बर का बरनाला कैंप। यहां हथियार चलाना सिखाते हैं।
- सियालकोट का सरजल कैंप। मार्च 2025 में पुलिस जवानों की हत्या के आतंकवादियों को यहीं ट्रेन किया गया था।
- सियालकोट का हिजबुल महमूना जाया कैंप। पठानकोट हमला यहीं प्लान किया गया।
- मुरीदके का मरकज तैयबा कैंप। अजमल कसाब और डेविड कोलमैन हेडली यहीं ट्रेन हुए थे।
- मस्जिद सुभान अल्लाह बहावलपुर जैश का हेडक्वार्टर था। यहां रिक्रूटमेंट, ट्रेनिंग दी जाती थी। बड़े अफसर यहां आते थे।



## प्रधानमंत्री मोदी ने चुना 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम

पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर भारतीय सशस्त्र बलों के हमले का नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुना। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया। आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में 26 नागरिकों की हत्या कर दी थी जिनमें सभी पुरुष थे और सूत्रों के अनुसार अनेक मृतकों की पीड़ित पत्नियों को ध्यान में रखते हुए जवाबी अभियान के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम सबसे मुफ़ीद समझा गया। प्रधानमंत्री मोदी ने रातभर अभियान पर नजर रखी।

## गृहमंत्री शाह ने सीमावर्ती राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मांगे सुझाव

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में भारत के सीमावर्ती राज्यों के मुख्यमंत्रियों, पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी), और मुख्य सचिवों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना, कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करना, और युद्ध जैसे हालात में समन्वय सुनिश्चित करना था। गृह मंत्रालय में बुलाये गये आकस्मिक बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की जब कि जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम, और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्रियों सहित जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और लद्दाख के उप राज्यपाल ने भी शिरकत किया।

## हमने केवल उनको मारा, जिन्होंने निर्दोषों की हत्या की : राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत निर्धारित लक्ष्यों को योजना के अनुसार सटीकता के साथ नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा, ''हमने केवल उन लोगों को मारा, जिन्होंने हमारे निर्दोष लोगों की हत्या की।'' आतंकवादियों का मनोबल तोड़ने के उद्देश्य से यह कार्रवाई उनके ठिकानों और अन्य बुनियादी ढांचे तक ही सीमित थी।

## विपक्ष ने कहा, जांबाज सैनिकों को सलाम, हम सरकार के साथ

कांग्रेस ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर भारत द्वारा किए गए मिसाइल हमले के लिए बुधवार को भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य को सलाम किया और कहा कि वह सरकार एवं अपने वीर जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

## देश के 244 शहरों में ब्लैकआउट : मॉक ड्रिल में हमले से बचने के तरीके सिखाए



**नई दिल्ली।** देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 244 सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट में ब्लैकआउट एक्सरसाइज की गई। गृह मंत्रालय ने इन जगहों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर लिस्ट किया। ये सामान्य प्रशासनिक जिलों से अलग हैं। इससे पहले, इन 244 डिस्ट्रिक्ट में युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों को लेकर मॉक ड्रिल हुई। इसमें लोगों, कर्मचारियों, स्टूडेंट्स को आपात स्थिति में बचाव और लोगों को निकालने के तरीके समझाए गए। सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट्स को उनकी संवेदनशीलता के आधार पर 3 कैटेगरी में बांटा गया है। कैटेगरी-1 सबसे संवेदनशील और कैटेगरी-3 कम सेंसेटिव है। गृह मंत्रालय ने 5 मई को सभी राज्यों को मॉक ड्रिल कराने के आदेश जारी किए थे।

## पाकिस्तानी गोलीबारी में 13 लोगों की मौत

**जम्मू/श्रीनगर।** पाक सेना ने बुधवार को जम्मू कश्मीर में एलओसी के पास स्थित गांवों को निशाना बनाकर भारी गोलाबारी की, जिसमें चार बच्चों सहित कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 57 अन्य घायल हो गए। सभी नागरिकों की मौत गोलाबारी से सबसे अधिक प्रभावित पुंछ जिले में हुई है। उन्होंने बताया कि 57 लोग घायल भी हुए हैं।

## पाक के पंजाब में इमरजेंसी घोषित

**लाहौर।** भारत की ओर से मिसाइल हमले किए जाने के मद्देनजर पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बुधवार को आपातकाल घोषित कर दिया गया और सभी शिक्षण संस्थान बंद कर दिए। पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने पूरे प्रांत में आपातकाल घोषित कर दिया है।

### रावलपिंडी में ब्लैकआउट

पाकिस्तान में दहशत का माहौल है। रावलपिंडी में सरकार ने अगले आदेश तक ब्लैकआउट की घोषणा की है। वहीं इस्लामाबाद में लोगों को घरों में रहने और सतर्क रहने को कहा गया है।

## पलवल का जवान शहीद

**पलवल।** भारतीय वायु सेना द्वारा की गई एयर स्ट्राइक के बाद से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। जम्मू के पुंछ में पाकिस्तान की ओर से की गई फायरिंग में हरियाणा का एक जवान शहीद हो गया है, जबकि उसके 4 साथी घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पलवल के रहने वाले लांस नायक दिनेश (32) की पोस्टिंग पुंछ में थी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक ने फायर करना शुरू किया तो दिनेश अपने कुछ साथियों के साथ जवाबी फायरिंग करने लगे। तभी पाक की तरफ से एक बम उनके सामने गिरा, जिसमें ब्लास्ट होते ही दिनेश और उनके 4 साथी बुरी तरह घायल हो गए।

## पीएम ने की कैबिनेट और सीसीएस की बैठक, आज सर्वदलीय बैठक

पीएम मोदी ने सात लोक कल्याण मार्ग पर केंद्रीय मंत्रिमंडल और उसकी सुरक्षा मामलों की समिति की बैठक की अध्यक्षता की। कैबिनेट की बैठक में पीएम ने अन्य सहयोगियों को जवाबी कार्रवाई से अवगत कराया। जबकि सीसीएस की बैठक में उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के अलावा अपने तमाम सहयोगी मंत्रियों को दुश्मन की हर हरकत पर पैनी निगाह बनाए रखने के निर्देश दिए। गुरुवार को सरकार ने अभियान के बारे में जानकारी देने के लिए सर्वदलीय बैठक भी बुलाई है।

## बीजापुर में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़, 22 नक्सली ढेर

**बीजापुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में जारी नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षाबलों ने बुधवार को 22 नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के कर्रेगुट्टा की पहाड़ियों और छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर स्थित पहाड़ियों में 21 अप्रैल को 'मिशन संकल्प' नाम से अभियान शुरू किया गया था जिसमें लगभग 24 हजार जवान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आज सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई जिसमें 22 नक्सलियों को ढेर कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, इससे पहले सोमवार को सुरक्षाबलों ने एक वर्दीधारी महिला नक्सली को मार गिराया था तथा घटनास्थल से हथियार और अन्य सामान बरामद किए थे। वहीं 24 अप्रैल को तीन महिला नक्सली के शव बरामद किए गए थे। उन्होंने बताया कि इस अभियान में सुरक्षाबलों ने अब तक कुल 26 नक्सलियों को मार गिराया है।

**अभियान में अब तक 26 नक्सली मारे गए**

**सुकून** एयर स्ट्राइक के बाद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के माता-पिता ने जताई खुशी

*इस कार्रवाई से 26 परिवारों को सांत्वना मिलेगी, जिन्होंने अपनों को खोया*

## नरवाल के पिता बोले-आतंकी कुछ भी करने से पहले 100 बार सोचेंगे, मां ने कहा-पीएम मोदी ने बदला लिया

**करनाल (हरिभूमि न्यूज)।** पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के पिता राजेश नरवाल ने पाकिस्तान में आतंकवादियों के खिलाफ भारत की कार्रवाई की बुधवार को सराहना की और कहा कि मोदी सरकार ने एक कड़ा संदेश दिया है तथा अब 22 अप्रैल के हमले के साजिशकर्ता भविष्य में ऐसे हमले दोहराने से पहले ''100 बार सोचेंगे।'' यहां बता दें कि लेफ्टिनेंट नरवाल (26) अपनी पत्नी हिमांशी के साथ पहलगाम में हनीमून मनाने गए थे जहां 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने उन्हें गोली मार दी। हमले से तीन सप्ताह पहले ही नरवाल की शादी हुई थी। हमले के बाद हिमांशी की एक भावुक तस्वीर ने लोगों को आतंकवादियों के प्रति गुस्से और आक्रोश से भर दिया था, जिसमें वह अपने पति के मृत शरीर के बगल में बैठी थीं और उनके चेहरे पर दुख के भाव थे।

### मुझे अपनी सरकार पर पूरा भरोसा था



राजेश नरवाल ने करनाल में अपने आवास पर संवाददाताओं से कहा, ''जब यह (पहलगाम) घटना हुई थी, तब भी आप (मीडिया) मेरे घर आए थे और पूछा था कि मुझे सरकार से क्या उम्मीद है। मेरा जवाब था कि मुझे अपनी सरकार पर भरोसा है। और आज सरकार ने उस भरोसे को सही साबित किया है।'' उन्होंने कहा, ''मैंने कहा था कि ऐसा (जवाबी हमला) किया जाना चाहिए ताकि कोई दोबारा ऐसा कायराना कृत्य करने की हिम्मत न कर सके... (पाकिस्तान और पीओके में) आतंकी ठिकानों पर किए गए हमले हमेशा उनके दिमाग में गूंजते रहेंगे।''

### सेना ने दिया मुंहतोड़ जवाब, आज न्याय मिला



नरवाल की मां आशा ने करनाल में संवाददाताओं से कहा, ''यह बिलकुल सही किया कि (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी ने (पहलगाम) हमले का बदला लिया। मैं उनके (सरकार के) साथ हूं, लोग उनके साथ हैं, और हमारा पूरा परिवार उनके साथ है।'' उन्होंने कहा, ''मैं अपनी सेना से कहना चाहती हूं कि वह मुंहतोड़ जवाब दे ताकि ऐसी घटनाएं (पहलगाम जैसी) दोबारा न हों।'' आशा ने कहा कि जिन लोगों ने पहलगाम हमले में जान गंवाई, उन्हें आज न्याय मिला है। हमें यकीन है कि विनय जैसा हर शहीद आज मुस्कुरा रहा होगा।

### सेना और सरकार की सराहना की

नरवाल के परिजनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो वादा किया था, उसे निभाया है। यह कार्रवाई हर सैनिक के मनोबल को मजबूत करती है। शहीद विनय नरवाल के पिता ने 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम को लेकर खास टिप्पणी की। उन्होंने कहा, इस अभियान का नाम सिंदूर बहुत सही चुना गया है। यह हर भारतीय के माथे की पहचान है और जब यह नाम शहीदों के खून से जुड़ जाए, तो उसकी पवित्रता और भी बढ़ जाती है। यह नाम ही इस कार्रवाई की गहराई और भाव को दर्शाता है।''

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बठिंडा के खेत में प्लेन क्रैश



**बठिंडा (एजेंसी)।** पहलगाम आतंकी हमले के बदले भारत की पाकिस्तान पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत एयर स्ट्राइक के दौरान पंजाब के बठिंडा में गेहूं के खेत में प्लेन क्रैश हो गया। जिसमें 2 व्यक्तियों की मौत की सूचना सामने आई है और 9 लोग घायल हुए हैं। हालांकि प्रशासन की तरफ से आधिकारिक तौर पर एक ही व्यक्ति की मौत की पुष्टि की गई है। मरने वालों में एक व्यक्ति गोविंद है जो की हरियाणा के चरखी दादरी जिले का रहने वाला है। जिस जगह प्लेन क्रैश हुआ, वह आबादी से 500 मीटर दूर है। जानकारी के मुताबिक यह घटना रात 2 बजे बठिंडा में गोनियाना मंडी के अकालियां कलां गांव में हुई। इस दौरान खेत में प्लेन गिरा। जिसके बाद उसमें आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने पूरा एरिया सील कर दिया। मीडिया को भी 2 किमी पहले रोका गया है।

**चरखी दादरी के व्यक्ति की मौत, 9 लोग घायल**

## खबर संक्षेप



### मंत्री से मिले आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स

**चंडीगढ़।** आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स के मुद्दों पर विभाग मंत्री श्रुति चौधरी ने यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ में उनकी मांगों को लेकर विस्तार से विचार मंथन किया और आश्वासन दिया कि मुद्दों पर जल्द फैसला लिया जाएगा। गौरतलब रहे आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन हरियाणा ने 19 अप्रैल को भिवानी में बड़ी रैली की थी। जिसके चलते आज 6 मई को महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने यूनियन को चंडीगढ़ मांगो पर वार्ता के लिए आमंत्रित किया था। मंत्री आवास पर हुई वार्ता में हरियाणा सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, विभाग निदेशक मोनिका मलिक, संयुक्त निदेशक पूनम शामिल थे।

### 13 आईएएस अधिकारियों का तबादला

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बीच हरियाणा सरकार ने 13 आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। राहुल हुड्डा को हरियाणा सरकार, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। इसके अलावा अशोक खेमका की जगह टीएल सत्य प्रकाश को ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट का कमिश्नर एवं सेक्रेटरी लगाया गया है। सरकार ने जिन अधिकारियों के तबादले किए हैं उनमें सचिन गुप्ता, सी.जी. रजनी, शेखर विघार्थी, एस. नारायण, अमन तस्नीम, आयुष सिन्हा, अखिल पिलानी, आनंद कुमार शर्मा, सलोनी शर्मा डा. बलप्रीत और यश जलूका के नाम शामिल हैं।

### निजी कोचिंग संस्थान को आयोग नहीं देता मान्यता

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य भूपेंद्र चौहान ने बताया कि आयोग किसी भी कोचिंग संस्थान को मान्यता नहीं देता है। उन्होंने बताया कि हाल ही में उनके संज्ञान में यह आया है कि कुछ निजी कोचिंग संस्थान, आयोग के नाम का अनुचित उपयोग कर अभ्यर्थियों को गुमराह कर रहे हैं।

### हरियाणा ने सेना की एयर स्ट्राइक को किया सलाम, बोले- पहलगाम का बदला जरूरी

# ऑपरेशन सिंदूर : चारों तरफ सराहना, सभी बोले- सेना के पराक्रम को नमन, आतंक के मुंह पर करारा तमाचा

पहलगाम हमले का बदला लेते हुए सेना ने ऑपरेशन सिंदूर से जिस तरह आतंकवाद के ठिकानों पर स्ट्राइक की है, उसकी चारों तरफ प्रशंसा हो रही है। हरियाणा में सभी राजनीतिक दलों के नेता सरकार के इस कदम को सराहनीय बताते हुए सेना के पराक्रम को नमन कर रहे हैं। नेताओं का कहना है कि आतंक का खात्मा जरूरी है और ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के मुहं पर करारा तमाचा है।

#### भूपेंद्र सिंह हुड्डा

### सेना पर गर्व, सरकार को कांग्रेस का समर्थन

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस ने आतंक के विरुद्ध चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना को बधाई दी है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपने 'संविधान बचाओ कार्यक्रमों' को स्थगित किया। हुड्डा ने सेना के पराक्रम को सलाम किया। उन्होंने कहा कि यही आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को सच्ची श्रद्धांजलि है। आतंक के विरुद्ध जो लड़ाई शुरू हुई है, अब इसे अंजाम तक पहुंचाने का वक्त आ गया है।



### मेरे पति को थोड़ी शांति जरूर मिली होगी आतंक का खात्मा होना चाहिए : हिमांशी

**गुरुग्राम (धर्मेंद्र कौशिक)।** पहलगाम आतंकी हमले में शादी के छह दिन बाद पति लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को खोने वाली हिमांशी स्वामी ने सेना के ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि उसकी तरह किसी और बहन का सिंदूर ना उजड़े, इसके लिए आतंक का खात्मा होना जरुरी है। हिमांशी ने कहा कि जो चला गया, वह वापस नहीं लौट सकता, लेकिन 26 परिवारों को उजाडने वालों को सजा जरुर मिलनी चाहिए। यह कार्रवाई उनके लिए थोड़ी संतोष देने वाली है और उनके पति को शांति जरूर मिली होगी। उनका कहना है कि अब आतंक का खात्मा होना चाहिए, ताकि किसी और भारतवासी को इस तरह का दर्द सहन ना करना पड़े। गुरुग्राम के सेक्टर-47 में रहने वाली हिमांशी कहती हैं कि आतंक को खत्म करने की जरूरत है। ऑपरेशन सिंदूर में दो महिला अधिकारियों के शामिल करने पर हिमांशी कहती हैं कि एक लडकी ही लडकी का दर्द को अच्छी तरह से समझ सकती है। मेरी तो अभी शादी हुई थी और आतंकियों ने मेरी लाइफ एक सैकेंड में ले ली। लेकिन महिलाओं को इस तरह के ऑपरेशन में शामिल करना अच्छा इनिशिएटिव है। महिलाओं को ऐसे ऑपरेशन में शामिल करना चाहिए।



हिमांशी नरवाल

#### अनिल विज

### एक-एक से बदला लेगी हमारी सेना

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने पहलगाम पर हुए आतंकी हमले के एक एक दोषी से बदला लिया जाएगा। कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले दिन ही कह दिया कि पहलगाम हमले के एक-एक दोषी से बदला लिया जाएगा और एक-एक को ठोका जाएगा और वह करके दिखा दिया गया हैः। आज पाकिस्तान के कई आतंकी ठिकानों पर हमले किए गए हैं।



#### अनुराग ढांडा

### यह ऑपरेशन अदम्य साहस का प्रमाण

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने ऑपरेशन सिंदूर अदम्य साहस का पमाण है। इस सफलता ने पूरे देश को गौरव से भर दिया है। आम आदमी पार्टी की ओर से भारतीय सेना, वायुसेना और सभी सुरक्षा बलों को सलाम किया। यह ऑपरेशन न केवल सैन्य दक्षता का प्रमाण है, बल्कि यह संदेश भी है कि भारत अब आतंकवाद को उसकी जड़ों से उखाड़ने के लिए तैयार है।



#### उदयभान

### पूरा देश सेना के साथ खड़ा

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कहा कि पूरा देश सेना के साथ मजबूती से खड़ा है। आतंक के विरुद्ध हर कार्रवाई में विपक्ष सरकार का पूर्ण समर्थन कर रहा है। पाकिस्तान के विरुद्ध एकजुटता और सेना को समर्थन का ऐलान करते हुए आज कांग्रेस ने अपने तमाम कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया है। आतंकवाद का खात्मा होना चाहिए।



#### मोहन लाल बड़ौली

### आतंक के नाश का संकल्प

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भारतीय सेना ने "ऑपरेशन सिंदूर" चलाकर माता-बहनों के सिंदूर को उजाड़ने वालों को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का संकल्प आतंकवाद का समूल नाश करना है। ऑपरेशन सिंदूर मोदी के इसी संकल्प का हिस्सा है।



#### डॉ. अरविंद शर्मा

### देश को सेना पर गर्व

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सहकारिता, कारागार एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि आज पूरा देश अपनी सेना पर गर्व करता है और ऑपरेशन सिंदूर ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत की ओर आंख उठाकर देखने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। भारत सरकार का यह संकल्प है कि आतंकवाद का समूल नाश किया जाएगा।



#### कुमारी सैलजा

### यह एक ऐतिहासिक पहल

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है, ये हमला भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले के बदले के रूप में लिया है। देश आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। देश की संप्रभुता और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है।



# गोलीबारी में पलवल का जवान शहीद

**पलवल।** पाकिस्तान की तरफ से लगातार फायरिंग की जा रही है। जम्मू के पुंछ में पाकिस्तान की ओर से की गई फायरिंग में हरियाणा का एक जवान शहीद हो गया है, जबकि उसके 4 साथी घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पलवल के रहने वाले लांस नायक दिनेश (32) की पोस्टिंग इन दिनों पुंछ में थी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक ने फायर करना शुरू किया तो दिनेश अपने कुछ साथियों के साथ जवाबी फायरिंग करने लगे। तभी पाक की तरफ से एक बम उनके सामने गिरा, जिसमें ब्लास्ट होते ही दिनेश और उनके 4 साथी बुरी तरह घायल हो गए। बाद में अस्पताल में उनकी मौत हो गई। सेना की तरफ से सुबह ही परिवार को इस घटना के बारे में बता दिया गया था। कल (गुरुवार) शहीद की पार्थिव देह को पलवल के मोहम्मदपुर गांव में लाया जाएगा, जहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। दिनेश के पिता दयाराम ने बताया कि दिनेश 2014 में आर्मी में भर्ती हुए थे। दिनेश की पोस्टिंग देश के कई राज्यों में रही।



शहीद दिनेश।

## छुट्टी रद होने पर ड्यूटी जा रहे हिसार के वायुसेना जवान को ट्रक ने कुचला

**नारनौंद।** ऑपरेशन सिंदूर के चलते जवानों की छुट्टियां रद्द होने पर ड्यूटी पर लौट रहे वायुसेना जवान को ट्रक ने रौंद डाला। हादसे में लोहारी राघो निवासी 24 वर्षीय फौजी कमल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रास्ते में लिफ्ट मांगने वाली एक नवविवाहिता घायल हो गई। सैनिक के शव का पोस्टमार्टम हांसी के नागरिक अस्पताल में करवाया गया। उसका अंतिम संस्कार गुरुवार को होगा। हादसा उपमंडल नारनौंद के गांव मोठ-लोहारी राघो मार्ग पर हुआ। जानकारी के मुताबिक गांव लोहारी राघो निवासी कमल कम्बोज वर्ष 2022 से भारतीय वायुसेना में बतौर कांस्टेबल के पद पर तैनात था। कमल की पहली ही पोस्टिंग लद्दाख में हुई थी।



कमल

## मान द्वारा पानी को लेकर विवादित टिप्पणी करना गलत : नायब सैनी



**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर निशाना साधते हुए कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे हुए व्यक्ति द्वारा पानी को लेकर विवादित टिप्पणी करना गलत है। इस प्रकार के बयान देकर वे लोगों को भड़काने का काम कर रहे हैं। जबकि उन्हें तो पंजाब के लोगों के हित में काम करना चाहिए। लेकिन वे अपनी राजनीति चमकाने के लिए इस प्रकार के बयान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री यहां अपने निवास संत कबीर कुटीर पर आयोजित कार्यक्रम में आए प्रबुद्धजनों को संबोधित कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा और पंजाब भाई-भाई हैं, लेकिन पंजाब के मुख्यमंत्री लोगों में मतभेद पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। मान को किसानों के हित के लिए काम करना चाहिए। उन्हें किसानों को गारंटी देनी चाहिए कि वे उनकी फसल को एमएसपी पर खरीदेंगे।


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

5813

मनकि प्रताप पुत्र मीतलाल पुत्र दलीप, निवासी एवं बिस्वेदार गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24, के अनुसार अराजी खेवट न0 2999/2567, खाता न0 3356, मु0 न0 302, किला न0 3/1(7–14), किता 1, तादादी रकबा 7 कनाल 14 मरले का 20/123 भाग, बकदर 1 कनाल 5.04 मरले व खेवट न0 3000/2567, खाता न0 3357, मु0 न0 340, किला न0 10(6–16), किता 1, तादादी रकबा 6 कनाल 16 मरले का 20/123 भाग, बकदर 1 कनाल 2.11 मरले, उपरोक्त दोनों खेवटों से कुल तादादी रकबा 2 कनाल 7.15 मरले (0.2946875 एकड़) वाका रकबा मौजा बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 340, किला न0 10 मिन मध्य (2–7.15), किता 1, तादादी रकबा 2 कनाल 7.15 मरले (0.2946875 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1421

मनकि सुन्दरलाल पुत्र सरदारा पुत्र जागेराम, निवासी प्लॉट न0 26/ए., खसरा न0 607, टाटा टेलको के पास, मलिकपुर, कोही उर्फ रंगपुरी, दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110037 एवं बिस्वेदार गांव निमाना, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा), में अराजी बरूवे जमाबन्दी वर्ष 2019–20, के अनुसार खेवट न0 60मिन/53, खाता न0 63 मिन, मु0 न0 40, किला न0 11(8–0), 12(8–0), 13(8–0), 18/1(1–16), 18/2(0–12), 18/3(1–6), किते 6, तादादी रकबा 27 कनाल 14 मरले का 1/2 भाग, बकदर 13 कनाल 17 मरले (1.73125 एकड़) वाका रकबा मौजा निमाना, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 40, किला न0 11(8–0), 12 मिन पश्चिम (5–17) किते 2, तादादी रकबा 13 कनाल 17 मरले (1.73125 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 07.05.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com



## शामलात कृषि योग्य भूमि वर्ष 2025-26 के लिए पट्टे पर दिये जाने बारे प्रोग्राम खण्ड-सोनीपत

इस बारे गाँव में मुनादी मुश्तहरी करवाई जावे तथा बोली की विडियो ग्राफी भी करवाई जावे व बोली की राशि मौके पर वसूल की जाएगी तथा राशि न देने की सूरत में जमानत राशि जब्त करके पुनः बोली की जाएगी व समस्त राशि मौके पर वसूल करके उसके उपरान्त बैंक में जमा करवाने की जिम्मेदारी ग्राम सचिव की होगी। वर्ष 2025-26 की राशि का विवरण प्रतिदिन खण्ड कार्यालय में समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी के पास प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सोनीपत के कार्यालय के पत्र क्रमांक 3404-11/पं0 दिनांक 09.04.2025 अनुसार जारी हिदायतोनुसार बोली करवाना सुनिश्चित करें।

1. पंचायत की कुल भूमि में से 30 प्रतिशत अनुसूचित जाति 10 प्रतिशत पिछडा वर्ग तथा 10 प्रतिशत भारत की आजादी के बाद किसी भी युद्ध में शहीद हुए सैनिक परिवारों के आश्रितों हेतु रिर्जव रखकर नियमानुसार बोली करवाई जाए।
2. पट्टे की राशि पिछले वर्ष की तुलना में कम से कम 10 प्रतिशत बढोतरी पर की जाए। यदि किसी ग्राम पंचायत की शामलात जमीन की बोली पिछले वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत कम रहती है तो भूमि पट्टे पर देने से पूर्व संबंधित मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद् सोनीपत से स्वीकृति प्राप्त की जाए तथा बोली की राशि समय पर ही जमा करवा दी जावे।
3. सरकार द्वारा जारी हिदायतोनुसार एक पट्टेदार को अधिकतम 1 पट्टा 10 एकड भूमि तक ही बोली पर देना सुनिश्चित करें।
4. हिदायतोनुसार सक्षम अधिकारी की उपस्थिति में ही बोली करवाना सुनिश्चित करें।
5. तैयार किए गए प्लाट इत्यादि न दर्शाकर रकबा साफ-2 दर्शाना सुनिश्चित करें।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत का नाम | पट्टे पर उठाई जाने वाली कुल कृषि योग्य भूमि | | | तिथि | समय | स्थान | ग्राम सचिव | अधिकारी का पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | A | K | M | | | | | |
| 1 | पिनाना | 33 | 1 | 19 | 05.05.2025 | 11:00 AM | सा0 चौपाल | वजीर सिहँ | BDPO |
| 2 | दोदवा | 29 | 1 | 0 | 05.05.2025 | 02:00 PM | ग्राम सचिवालय | सुमित नैन | BDPO |
| 3 | जुआँ-1 | 22 | 4 | 10 | 06.05.2025 | 11:00 AM | सा० चौपाल | दीपक लठवाल | BDPO |
| 4 | जुआँ-2 | 21 | 0 | 16 | 06.05.2025 | 02:00 PM | सामुदायिक केन्द्र | जतिन | BDPO |
| 5 | सलारपुर माजरा | 52 | 7 | 12 | 07.05.2025 | 11:00 AM | सा० चौपाल | दीपक शर्मा | DDPO |
| 6 | हुल्लाहेड़ी | 101 | 7 | 7 | 07.05.2025 | 11:00 AM | ग्राम सचिवालय | सुभाष | ADC/BDPO |
| 7 | तिहाड़ कलां | 08 | 0 | 1 | 07.05.2025 | 11:00 AM | अ० जा० चौपाल | अंकित | SEPO |
| 8 | सांदल खुर्द | 05 | 5 | 7 | 08.05.2025 | 11:00 AM | सा० चौपाल | रणबीर सिंह | SEPO |
| 9 | सांदल निवादा कला | 34 | 6 | 8 | 08.05.2025 | 11:00 AM | सा० चौपाल | सुल्तान सिहँ | BDPO |
| 10 | सांदल कला | 09 | 2 | 3 | 08.05.2025 | 02:00 PM | सा० चौपाल | मोहित फरमाना | SEPO |
| 11 | चिटाना | 09 | 7 | 12 | 09.05.2025 | 11:00 AM | सा० चौपाल | अमन | SEPO |
| 12 | ताजपुर तिहाड़ खुर्द | 25 | 4 | 11 | 09.05.2025 | 11:00 AM | ग्राम सचिवालय | सिधार्थ | BDPO |
| 13 | करेवड़ी | 62 | 7 | 8 | 09.05.2025 | 11:00 AM | सा० चौपाल | मनीषा शर्मा | DDPO |
| 14 | मोहाना | 05 | 6 | 10 | 12.05.2025 | 11:00 AM | सा० चौपाल | अंकुश | SEPO |
| 15 | माहरा | 36 | 3 | 15 | 12.05.2025 | 11:00 AM | सा० चौपाल | दीपक शर्मा | BDPO |
| 16 | भठगॉव मालियान | 52 | 2 | 1 | 12.05.2025 | 11:00 AM | सा० चौपाल | काजल | DDPO |
| 17 | ठरू | 10 | 1 | 7 | 13.05.2025 | 11:00 AM | सा० चौपाल | पूनम मलिक | SEPO |
| 18 | सलीमसर माजरा | 30 | 0 | 4 | 13.05.2025 | 11:00 AM | सा० चौपाल | अमित | BDPO |
| 19 | जाजी | 52 | 6 | 6 | 13.05.2025 | 11:00 AM | सा० चौपाल | रचना | DDPO |
| 20 | चटिया औलिया | 37 | 1 | 0 | 14.05.2025 | 11:00 AM | ग्राम सचिवालय | पुनम गहलावत | BDPO |
| 21 | लुहारी टिब्बा | 68 | 3 | 10 | 14.05.2025 | 11:00 AM | शिव मन्दिर | पूनम मलिक | DDPO |
| 22 | भटाना जाफराबाद | 12 | 4 | 11 | 14.05.2025 | 11:00 AM | सा० चौपाल | पूजा | BDPO/SEPO |
| 23 | बादशाहपुर माच्छरी | 18 | 6 | 15 | 15.05.2025 | 11:00 AM | अ० जा० चौपाल | अंकित | BDPO/SEPO |
| 24 | बैंयापुर | 37 | 6 | 7 | 15.05.2025 | 11:00 AM | सा० चौपाल | अमन | BDPO |
| 25 | खिजरपुर जट माजरा | 14 | 3 | 13 | 16.05.2025 | 11:00 AM | सा० चौपाल | रणबीर सिंह | BDPO/SEPO |
| 26 | बाघड़ू | 24 | 3 | 2 | 16.05.2025 | 11:00 AM | सा० चौपाल | मनीषा | BDPO |
| 27 | भठगॉवं डूंगरान | 60 | 1 | 14 | 19.05.2025 | 11:00 AM | ग्राम सचिवालय | मोहित | DDPO |
| 28 | बड़वासनी | 30 | 2 | 11 | 19.05.2025 | 11:00 AM | सा० चौपाल | अमन | BDPO |
| 29 | महलाना | 18 | 4 | 1 | 19.05.2025 | 11:00 AM | सा० चौपाल | सुल्तान सिहँ | BDPO/SEPO |
| 30 | रोलद लतीफपुर | 28 | 0 | 16 | 20.05.2025 | 11:00 AM | सा० चौपाल | अंकुश | BDPO |
| 31 | नैनातातारपुर | 26 | 0 | 5 | 20.05.2025 | 02:00 PM | सा० चौपाल | ममता | BDPO |
| 32 | हरसाना कलां | 5 | 7 | 4 | 21.05.2025 | 11:00 AM | अ० जा० चौपाल | अंकित | SEPO |
| 33 | जाहरी | 34 | 0 | 0 | 21.05.2025 | 11:00 AM | ग्राम सचिवालय | किरण | BDPO |
| 34 | उल्देपुर | 43 | 5 | 18 | 21.05.2025 | 02:00 PM | स०चौपाल | अंकुश | BDPO |
| 35 | सलीमपुर ट्राली | 21 | 1 | 17 | 22.05.2025 | 11:00 AM | सा० चौपाल | ममता | BDPO |
| 36 | बोहला | 24 | 0 | 0 | 22.05.2025 | 02:00 PM | सा० चौपाल | अंकुश | BDPO |
| 37 | किलोहड़द | 35 | 6 | 0 | 23.05.2025 | 11:00 AM | सा० चौपाल | अमन | BDPO |
| 38 | भदाना | 93 | 3 | 7 | 23.05.2025 | 11:00 AM | सा० चौपाल | दीपक शर्मा | DDPO |

हस्ता/- खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, सोनीपत



## ग्राम पंचायतों की भूमि को वर्ष 2025-26 के लिए पट्टे पर देने बारे प्रोग्राम खण्ड-मुरथल

खण्ड मुरथल में ग्राम पंचायतों की भूमि को वर्ष 2025-26 के लिए पट्टे पर देने हेतू निम्नलिखित तिथि निश्चित की गई हैः-जो निम्न प्रकार से है।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत का नाम | रकबा ए० क० म० | पट्टा अवधि | तिथि | समय | स्थान | ग्राम सचिव के नाम | सुपरवाईजर के नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | असदपुर | 22-0-00 | 2025-26 | 08.05.2025 | 01:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री मंजीत सिंह | बी०डी०पी०ओ० |
| 2 | नान्दनौर | 13-7-00 | 2025-26 | 08.05.2024 | 01:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री अंकित | बी०डी०पी०ओ० |
| 3 | खेवड़ा | 202-0-00 | 2025-26 | 09.05.2025 | 11:00 बजे | खण्ड कार्यालय मुरथल | श्री प्रदीप शर्मा | ए०डी०सी०/ बी०डी०पी०ओ० |
| 4 | टिकौला | 01-4-00 | 2025-26 | 09.05.2025 | 10:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री नरेन्द्र कुमार | एस०ई०पी०ओ० |
| 5 | दिपालपुर | 216-7-01 | 2025-26 | 12.05.2025 | 10:00 बजे | खण्ड कार्यालय मुरथल | श्री प्रदीप भनवाला | ए०डी०सी०/ बी०डी०पी०ओ० |
| 6 | भिगान | 13-6-04 | 2025-26 | 12.05.2025 | 01:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री नरेन्द्र कुमार | बी०डी०पी०ओ० |
| 7 | राजपुर | 52-0-00 | 2025-26 | 13.05.2025 | 10:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री विकास कुमार | डी०डी०पी०ओ/ बी०डी०पी०ओ० |
| 8 | मिमारपुर | 17-7-05 | 2025-26 | 13.05.2025 | 01:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री नवीन कुमार | बी०डी०पी०ओ० |
| 9 | पलड़ा | 18-4-08 | 2025-26 | 14.05.2025 | 10:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री योगेन्द्र | बी०डी०पी०ओ० |
| 10 | रसुलपुर | 02-4-00 | 2025-26 | 14.05.2025 | 11:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्रीमति पूनम | एस०ई०पी०ओ० |
| 11 | धतूरी | 11-0-00 | 2025-26 | 15.05.2025 | 10:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री रिन्कू | बी०डी०पी०ओ० |
| 12 | मुकिमपुर | 21-2-17 | 2025-26 | 15.05.2025 | 01:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री विकास | बी०डी०पी०ओ० / एस०ई०पी०ओ० |
| 13 | बसौदी | 38-7-11 | 2025-26 | 16.05.2025 | 10:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री प्रतीक | बी०डी०पी०ओ० |
| 14 | पलड़ी-खुर्द | 11-4-05 | 2025-26 | 16.05.2025 | 01:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री अनुराग | बी०डी०पी०ओ० |
| 15 | कामी | 26-1-14 | 2025-26 | 19.05.2025 | 10:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री रिन्कू | बी०डी०पी०ओ० |
| 16 | रामनगर | 01-2-04 | 2025-26 | 19.05.2025 | 01:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री नीरज कुमार | एस०ई०पी०ओ० |
| 17 | लड़सौली | 12-2-18 | 2025-26 | 20.05.2025 | 10:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री रिन्कू | बी०डी०पी०ओ० |
| 18 | सनपेड़ा | 14-6-19 | 2025-26 | 20.05.2025 | 01:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री नवीन कुमार | बी०डी०पी०ओ० |
| 19 | उमेदगढ़ | 14-6-00 | 2025-26 | 21.05.2025 | 10:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री नीरज कुमार | बी०डी०पी०ओ० |
| 20 | हसनपुर | 49-5-02 | 2025-26 | 21.05.2025 | 11:00 बजे | खण्ड कार्यालय मुरथल | श्री मंजीत सिंह | बी०डी०पी०ओ० |
| 21 | कुराड़-इब्राहिमपुर | 18-6-12 | 2025-26 | 22.05.2025 | 10:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री नवीन कुमार | बी०डी०पी०ओ० |
| 22 | जाजल | 45-4-08 | 2025-26 | 22.05.2025 | 10:00 बजे | खण्ड कार्यालय मुरथल | श्री सचिन | बी०डी०पी०ओ० |
| 23 | जैनपुर | 05-4-00 | 2025-26 | 23.05.2025 | 11:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री नरेन्द्र कुमार | एस०ई०पी०ओ० |
| 24 | पिपली-खेड़ा | 65-0-00 | 2025-26 | 23.05.2025 | 11:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री नवीन कुमार | डी०डी०पी०ओ / बी०डी०पी०ओ० |
| 25 | ताजपुर | 73-7-08 | 2025-26 | 26.05.2025 | 10:00 बजे | खण्ड कार्यालय मुरथल | श्री प्रदीप भनवाला | डी०डी०पी०ओ / बी०डी०पी०ओ० |
| 26 | जौशी-चौहान | 16-2-16 | 2025-26 | 26,05.2025 | 10:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री प्रदीप कुमार | बी०डी०पी०ओ० |
| 27 | गढ़-मिर्कपुर | 106-0-05 | 2025-26 | 27.05.2025 | 10:00 बजे | खण्ड कार्यालय मुरथल | श्री दिनेश | ए०डी०सी०/ बी०डी०पी०ओ० |
| 28 | मच्छरौला | 12-2-18 | 2025-26 | 27.05.2024 | 11:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री आकाश सोनी | बी०डी०पी०ओ० |
| 29 | गढ़ी-बख्तावरपुर | 24-6-00 | 2025-26 | 28.05.2025 | 10:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री प्रदीप कुमार | बी०डी०पी०ओ० |
| 30 | पलड़ी-कलां | 04-5-00 | 2025-26 | 28.05.2025 | 01:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री शमशेर | एस०ई०पी०ओ० |
| 31 | बडीली | 16-5-19 | वर्ष 2024-25 में बोली 2 वर्ष की गई थी। | | | | | |
| 32 | मलिकपुर | 32-0-05 | वर्ष 2024-25 में बोली 2 वर्ष की गई थी। | | | | | |
| 33 | नांगल-खुर्द | 42-0-00 | वर्ष 2024-25 में बोली 2 वर्ष की गई थी। | | | | | |
| 34 | पबनेरा | 200-0-00 | | | | | | भूमि यमुना नदी के अन्दर है। |

हस्ता/- खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, मुरथल


ALLEN
एक साल, एक लक्ष्य
NEET में जीत
ALLEN
के साथ सपना देखा, मेहनत की अब बनूंगा तेजस से डॉ. तेजस
Pursuing MBBS at AIIMS, Delhi
ALLEN NEET (UG) 2024 Results validated by
Official result validator
EY
Shape the future with confidence
Chemistry
PRE-MEDICAL
13 AIR 1
In last 15 years in pre-medical entrance
AIIMS (MBBS)
660
ALLENites out of 2207 in AIIMS (2024)
GMCs (MBBS)
10450+
ALLENites secured their seat in Govt. Medical Colleges (2024)
Taijas Singh
2-year classroom
AIR 1
NEET(UG) 2024
AIIMS, Delhi
Know my story
NEET(UG) 2024 : ALLEN हरियाणा के साथ, पूरा हुआ Govt. Medical College का सपना
Yashica, 2-year classroom, Marks 710, MAMC, Delhi, Hisar, Haryana
Mukul Aggarwal, 2-year classroom, Marks 705, VMMC, Delhi, Hansi, Haryana
Adittya Krishna, 3-year classroom, Marks 702, VMMC, Delhi, Hisar, Haryana
Khushi, 2-year classroom, Marks 690, PGIMS, Rohtak, Hisar, Haryana
Plaksha, 1-year classroom, Marks 690, LHMC, Delhi, Hisar, Haryana
Kiran, 1-year classroom, Marks 685, PGIMS, Rohtak, Hisar, Haryana
Bhavy Kaushik, 1-year classroom, Marks 683, PGIMS, Rohtak, Hisar, Haryana
Kalpana Nain, 2-year classroom, Marks 681, PGIMS, Rohtak, Hisar, Haryana
Gokul Soni, 2-year classroom, Marks 681, RMLMS, Delhi, Hisar, Haryana
Khushi Mittal, 1-year classroom, Marks 680, PGIMS, Rohtak, Rewari, Haryana
Sumidha, 1-year classroom, Marks 680, AFMC, Pune, Hisar, Haryana
Kavya, 3-year classroom, Marks 680, KMC, Manipal, Hisar, Haryana
Yuvraj Singh, 1-year classroom, Marks 672, MAMC, Agroha, Fatehabad, Haryana
Amisha, 1-year classroom, Marks 672, MAMC, Agroha, Hisar, Haryana
Harsh, 1-year classroom, Marks 671, GMC, Faridabad, Rohtak, Haryana
Gunjan, 2-year classroom, Marks 671, BPSMC, Sonepat, Hisar, Haryana
Kashish, 2-year classroom, Marks 670, MAMC, Agroha, Hisar, Haryana
Ruchika, 2-year classroom, Marks 670, GMCH, Hanumangarh, Hisar, Haryana
Ritesh, 2-year classroom, Marks 668, MAMC, Agroha, Hansi, Haryana
Bhumi, 2-year classroom, Marks 668, GMCH, Hanumangarh, Hisar, Haryana
Rinku, 1-year classroom, Marks 665, VIMS, Ballari, Hisar, Haryana
Deepak, 2-year classroom, Marks 665, MAMC, Agroha, Meham, Haryana
Anu, 3-year classroom, Marks 665, ACMS, Delhi, Hisar, Haryana
Bhaumik Kumar, 1-year classroom, Marks 665, PGIMSR, Banglauru, Hisar, Haryana
Jannit, 1-year classroom, Marks 662, GMC, Hardoi, Rohtak, Haryana
Yashika, 1-year classroom, Marks 661, ASNMC, Sultanpur, Hisar, Haryana
Namrata Jakhar, 1-year classroom, Marks 660, GMC, Kathua, Jhajjar, Haryana
1 Student Scored 710+ Marks
3 Students Scored 700+ Marks
6 Students Scored 685+ Marks
35 Students Scored 650+ Marks
and many more...
ADMISSIONS OPEN
NEET (UG) | JEE (Main+Adv.) | Olympiads | Class 6th to 12th & 12th Pass
NEW BATCHES FROM 8 MAY ONWARDS
For test dates & course start dates visit website or nearest center.
SIGN-UP FOR
ASAT
(Scholarship Test)
TEST DATES:
11 & 18 MAY 2025
GET UP TO 90 % SCHOLARSHIP*
For direct admission — visit your nearest ALLEN center.
*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.
ALLEN
ALLEN ROHTAK CENTERS :
Campus-1 : Kundu Plaza, Gali No. 2, Chhotu Ram Stadium, Sonipat Road, Rohtak
Campus-2 : Plot No. 945, 2nd Floor, Prakash Tower, Opp. Devi Lal Park, Vinay Nagar, Rohtak
89513 95601
97733 94097
allen.ac.in/rohtak
ALLEN Chandigarh :
8951395508
allen.ac.in/chandigarh
ALLEN Kota :
0744-3556677
allen.ac.in
Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses.

# युवक ने किया बहन का मर्डर, कई गोलियां मारी 15 दिन पहले ही जमानत पर जेल से आया था बाहर

■ आरोपी पर चल रहे कई केस ■ मृतका के पिता ने पति व पुलिस कर्मी सहित तीन पर लगाया बेटे को उकसाने का आरोप, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सदर थाना क्षेत्र के गांव बड़वासनी में जीजा व उसके रिश्तेदार द्वारा युवक को उकसाने पर बहन की गोलियां मारकर हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल की टीम को बुलाया। टीमों ने वारदात स्थल से जरूरी नमूने एकत्रित करके शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया है। पुलिस ने मृतका के पिता के बयान पर हरियाणा पुलिस में तैनात कर्मचारी व उसके रिश्तेदार सहित तीन के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बृहस्पतिवार को शव का पोस्टमार्टम करवायेगी। गांव बड़वासनी निवासी राजकुमार ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। उसके बेटी प्रीति की शादी वर्ष 2019 में सचिन निवासी छाजुगढ़ी के साथ की थी। शादी के बाद उसकी बेटी के पास चार साल का लड़का है। करीब चालीस दिन पहले उसका दामाद सचिन उसकी बेटी को घर पर छोड़कर चला गया। सचिन ने बताया कि उनकी बेटी किसी दूसरे लड़के से बातचीत करती है। उसके बाद सचिन ने उसकी बेटी के पास दो-तीन बार कॉल कर उसे गाली-गलौज की। बुजुर्ग ने बताया कि उसका बेटा परमजीत आवारा किस्म का लड़का है। उस पर कई मुकदमें चले हुए है। वह करीब 15 दिन पहले जेल से बाहर आया है। सचिन व उसका जीजा विकास जोकि हरियाणा पुलिस में तैनात है। उसकी हालत में डयूटी गन्नौर क्षेत्र में है। उसके बेटे परमजीत को उसकी बेटी के खिलाफ भड़काते रहते है। उसकी बेटी की हत्या करने के लिए उकसा रहे थे। बृहस्पतिवार को उसके बेटे परमजीत को सचिन व विकास ने हत्या के लिए उकसाया। उसके बेटे ने उसकी बेटी प्रीति की गोलियां मारकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी फरार हो गया।

■ वारदात के बाद आरोपी घटनास्थल से हुआ फरार



सोनीपत। घटनास्थल पर जांच करती पुलिस की टीम।

### गांव की गली में खून से लथपथ मिला शव



सूचना के बाद एसीपी जीत सिंह की टीम गांव बड़वासनी में पहुंची। पुलिस टीम को महिला का शव गली में पड़ा हुआ मिला। उसके पास करीब पांच खोल मिले है। शुरुआती पूछताछ में पता लगा है कि युवती को गोली मारने का आरोप उसके भाई परमजीत लगा है। महिला को घर से दूर गली में गोली मारी गई है। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कर रही छापेमारी

बड़वासनी में महिला की हत्या करने की शिकायत मिली है। इस संबंध में मृतका के भाई, पति व उसके रिश्तेदार को नामजद किया गया है। मृतका का भाई अपराधी किस्म का है। हाल में मुकदमें में जेल से बाहर आया हुआ था। वारदात के बाद से मुख्य आरोपित फरार है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया है। बृहस्पतिवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया जायेगा। पुलिस की टीमें हत्यारोपित की तलाश के लिए संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दे रही है।
**सैलेंद्र सिंह**, जांच अधिकारी सदर थाना

## अफीम की खेप के साथ दो गिरफ्तार

**कैथल।** एनसीबी के सहायक उप निरिक्षक प्रेम कुमार ने कलायत के बस स्टैंड से दो नशा तस्करों को आई-20 कार से काबू किया है। आरोपियों की पहचान सागर पुत्र बलजीत और नवीन पुत्र तरसेम के रूप मे हुई। जो कलायत के रहने वाले है। राजपत्रित अधिकारी को मोके पर बुलाकर तलाशी ली गई तो आरोपियों के पास से 870 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ अफीम बरामद हुआ। उन्होंन बताया कि जब वे कलायत में अपनी टीम के साथ मौजूद थे तो तभी गुप्त सूचना मिली कि दो नशा तस्कर बस स्टैन्ड कलायत पर अवैध नशीले पदार्थ की तस्करी करने जा रहे है। अगर पुलिस टीम द्वारा तुरन्त कार्यवाही की जाए तो आरोपी को अवैध नशीले पदार्थ अफीम सहित काबू किए जा सकता है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बस स्टैन्ड कलायत से दोनों आरोपियों को काबू कर लिया।

Gates | DRIVEN BY POSSIBILITY™

Gates India, a trusted name in automotive parts and a Preferred OE Partner of leading manufacturers, is excited to appoint **AGGARWAL MOTORS, Yamunanagar** as an **Authorized Distributor** for our Aftermarket product range.

With this partnership, we aim to provide faster service, greater availability, and enhanced customer support to better serve our valued customers.

Together, we are committed to delivering excellence.

FOR PRODUCT ENQUIRIES, CONTACT:
AGGARWAL MOTORS
+91 8168080392, 9802129290
aggarwalmotors7@gmail.com

For Distributor Enquiries, Contact : aftermarket.india@gates.com

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक** पुत्र रमेश निवासी मकान नं. 57, काली देवी मंदिर के पास, हरिओम आटा चक्की वाली गली, हिसार, हरियाणा ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 12/2022 धारा 498ए/406/506/34 भा.द.स., थाना नबी करीम, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दीपक** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दीपक** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 12/2022 धारा 498ए/406/506/34 भा.द.स., थाना नबी करीम, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **10.06.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री शाइना गोयल,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, महिला न्यायालय–01, (केंद्रीय),**
**कमरा नं. 343,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/5721/CD/2025

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** थाना खेडीपुल क्षेत्र के अंतर्गत नाबालिग लडकी के साथ दुष्कर्म के मामले में कार्रवाही करते हुए आरोपी राहुल को गिरफ्तार किया गया है। बीते 22 मार्च को एक महिला ने थाना खेडीपुल मे दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 18 मार्च को उसकी नाबालिग बेटी अपनी सहेली के घर मिलने गई थी, जहॉ पहुंचने पर पता चला कि उसकी सहेली ट्यूशन पढ़ने गई हुई है। घर पर सहेली का भाई था, थोड़ी देर बाद सहेली के भाई के दो दोस्त घर पर आए। इसके कुछ समय बाद ही सहेली का भाई व उसका एक दोस्त बाहर दुकान पर चले गए, राहुल घर पर रह गया जिसने उसकी नाबालिक बेटी के साथ दुष्कर्म किया। जिस पर थाना खेडीपुल में पोक्सो एक्ट व धमकी की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना खेडीपुल की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी राहुल थाना खेडीपुल को सिवान बिहार से गिरफ्तार किया है।

## युवक ने चचेरे भाइयों को चाकू घोंपे, एक की मौत

■ साहिल का मंगलवार को था जन्मदिन

■ पुलिस ने केस दर्ज किया

**बहादुरगढ़।** झज्जर रोड स्थित सब्जी मंडी में बीती रात को वारदात हो गई। यहां झगड़े के दौरान दो चचेरे भाइयों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमले किए गए। इस हमले में एक युवक की जान चली गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। हत्या का आरोप भी मृतक के चचेरे भाई व उसके साथी पर है। परिजनों के बयान पर सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान करीब 23 वर्षीय साहिल के रूप में हुई है। साहिल यहां बंबे वाली गली के साथ सटी एक कॉलोनी का रहने वाला था। जबकि छोटूराम पार्क का मनोज घायल हुआ है। बताते हैं कि मंगलवार को साहिल का जन्मदिन था। देर रात को चचेरे भाई सागर ने फोन करके उसको मंडी में बुलाया। इस दौरान इन्होंने यहां पार्टी की। फिर किसी बात पर विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ा कि साहिल पर चाकू से ताबड़तोड़ कई प्रहार किए गए। इतना ही नहीं, साहिल के चचेरे भाई मनोज पर भी हमला किया गया। वारदात के बाद हमलावर भाग गए। इसके बाद साहिल व मनोज को बहादुरगढ़ के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने इनको रेफर कर दिया। हालत गंभीर थी और रास्ते में साहिल की सांस थम गई। सूचना पाकर सेक्टर-6 थाने से पुलिस पीजीआई पहुंची और परिजनों के बयान लिए। मामले में फिलहाल दो आरोपियों सागर व उसके दोस्त विक्रम के नाम सामने आए हैं। सागर मृतक साहिल का चचेरा भाई है। सागर द्वारा ही चाकू मारने की बात सामने आई है। किन कारणों के चलते यह वारदात हुई, इसका असल कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। मृतक साहिल पर भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। करीब दो वर्ष पहले इसे कई हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया था। अब जमानत पर चल रहा था।

## टॉस्क देकर 3.38 लाख की ठगी

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में टॉस्क देकर युवती से 3.38 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में शहर के सेक्टर-81 में रहने वाली अर्पणा यादव ने कहा कि बीती 29 अप्रैल को उनके पास व्हाट्सअप पर एक मैसेज आया। जिसमें सुभाषमिता नामक महिला ने उसे वर्क फ्रॉम होम के तहत टॉस्क देकर रुपए कमाने की बात कही। अर्पणा की सहमति पर उसे एक लिंक भेजा गया। जिस पर क्लिक करने पर रजिस्ट्रेशन किया गया और उसे यूजर आईडी दी गई और टेलीग्राम गुरप के साथ जोड़ा गया। इसके बाद टॉस्क पूरा करने पर अर्पणा को कमिशन के तौर पर कुछ राशि दी गई। इसके बाद अर्पणा से रुपए लगवाकर अलग-अलग टॉस्क पूरा करने के लिए प्रेरित किया गया।

जब भी युवती ने अपने रुपए वापिस लेने की बात कही उससे टॉस्क पूरा करने को कहा गया। इस तरह जालसाजों ने युवती से कुल 3.38 लाख रुपये ले लिए। अर्पणा ने रुपए वापिस मांगे तो उसका फोन उठाना बंद कर दिया गया और उसे ग्रुप से निकाल दिया गया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

## लाइव फांसी : दोस्त को वीडियो कॉल कर फंदे पर लटक गया युवक

**जींद।** गांव रायचंदवाला में मंगलवार रात शराब के नशे मे धुत व्यक्ति ने दोस्त के पास वीडियो कॉल कर लाइव फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। अलेवा थाना पुलिस ने इतफाकिया कार्रवाई कर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव रायचदवाला निवासी अशोक 32 ने बीती रात अपने कमरे मे पंखे से फांसी का फंदा लगा लिया। जिसके चलते अशोक की मौत हो गई। फांसी लगाने से पूर्व अशोक ने अपने दोस्त गांव लोहचब निवासी टिंकू के पास वीडियो कॉल की। उस दौरान अशोक शराब के नशे में था। अशोक ने टिंकू का कुछ दिखाने के लिए कहा। जिसके बाद अशोक पंखे से फांसी का फंदा लगाने लगा। टिंकू ने उसे वीडियो कॉल में रोकने की कोशिश की लेकिन अशोक फंदे की तरफ बढ़ गया। जिस पर टिंकू बाइक लेकर गांव रायचदवाला अशोक के घर पहुंचा और परिजनों को जगाया। जब उन्होंने अशोक के कमरे को खोल कर देखा तो वह पंखे से फांसी के फदे लटका हुआ था।

## एलआईसी कर्मी को बंधक बनाकर लूटपाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

एलआईसी में काम करने वाले व्यक्ति को बंधक बनाकर हजारों रुपये छीनने की घटना को लेकर कनीना थाना पुलिस ने दो व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे में पीड़ित प्रवीन कुमार निवासी अटेली ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एलआईसी में काम करता है। उसके पास बेवल निवासी सियाराम का फोन आया जिसमें अपने दोस्त दिनेश की एलआईसी करवाने के बारे कहा गया। सियाराम के बताए अनुसार जब वह बेवल पंहुचा तो आरोपी उसे एक गलि में बने पुराने घर में ले गया जहां उन्होंने उसका बैग छीन लिया। इस दौरान उसके साथ युद्धवीर भी था। उन्होंने बंधक बनाकर उसके जानकारों से 60 हजार रुपये मंगवाकर ले लिए। डरा-धमका कर तीन घंटे तक बंधक बनाकर रखने तथा 131700 की यूपीआई पेमेंट करवाने के आरोप लगाए। उन्होंने धमकी देकर विडियो बनाई ओर कागजों पर हस्ताक्षर भी करवाए। इस बारे में थाना इंचार्ज सज्जन कुमार वशिष्ठ ने बताया कि प्रवीन कुमार की शिकायत मिलने पर दो आरोपितों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपितों को जल्द ही काबू कर लिया जाएग




### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | 10 अदद सब स्टेशनों की पूर्णतया बकाया आधार पर स्वीपिंग और क्लीनिंग हेतु एकमुश्त अनुबंध (अर्थात सांपला, छारा, रोहद, हसनगढ़, भालौट, कंसाला, लाढ़ौत, सांघी, जिन्दरान और इस्माइला)/ कार्यालयों (ओपी एस/डिवी. जसिया और सब ऑफिस छारा। सांपला में स्थित कार्यकारी अभियंता (ओपी) एसयू डिवी. नं. 2, रोहतक का कार्यालय। | बंद होने की तिथि 21.05.2025 | 30000.00/- ईएमडी 590.00/- बोली मूल्य | www.uhbvn.org.in NITNO.6SU2Rohtak/ 2025-2026 dated 21.05.2025 | 8607878766 seopsu2rohtak@uhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34561/I/88/6 दि. 07.05.25

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 66 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल, माजरी में नियंत्रण कक्ष की पेंटिंग और 66 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल, नान्योला (अम्बाला) में नियंत्रण कक्ष की पेंटिंग। | 05.05.2025 12.05.2025 | ईएमडी 7128/- फर्म्स हेतु व 3564/- लघु समितियों हेतु | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | एचवीपीएनएल-इरेक्शन चार्जेज (हिसार) द्वारा 132 केवी सब स्टेशन करीवाला में 1×20/25 एमवीए, 132/33 केवी टी/एफ सहित 1×10/16 एमवीए, 132/11 केवी टी/एफ को बदलना। | 05.05.2025 15.05.2025 | 13.53 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34533/I/88/6 दि. 07.05.25

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | डब्ल्यू. नं. 09 महम में खटीक सामुदायिक केन्द्र को पूरा करना। | 05.05.2025 13.05.2025 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9992861958 seo-meham@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34536/I/88/6 दि. 07.05.25

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | 748 - वार्ड नं. 03 एम.सी. सोनीपत में विभिन्न स्थानों पर पुरानी सीवर लाइन को बदलना और मरम्मत + 7 कार्य। | बंद होने की तिथि 13.05.2025 | 58.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 ee2mcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34541/I/88/6 दि. 07.05.25

## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## मारपीट मामले में एएसआई सस्पेंड, एसपी ने होमगार्ड पर कार्रवाई के लिए विभाग को पत्र लिखा, दो एसपीओ फरार

■ होटल के कर्मचारी को बेरहमी से पीटने का आरोप, सीसीटीवी में कैद हुए थे

**नारनौल।** जब बात खुद पर आई तो पुलिस शब्दों में उलझा बचाव करने का प्रयास कर रही है। जिस होटल से कारिंदे को पुलिस उठाकर ले गई, वहां लगे सीसीटीवी कैमरा में तीन पुलिस कर्मियों की तस्वीर कैद हुई है। इसके बावजूद पुलिस ने शिकायत का हवाला देते हुए नाम पता ना मालूम व्यक्तियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 127(2),3(5) के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने एएसआई देवेंद्र को सस्पेंड कर दिया है। दूसरे आरोपित होमगार्ड राजकुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए पुलिस विभाग ने लिखा है। वहीं दो अन्य आरोपित एसपीओ अभी फरार है। पीड़ित के बयान पर यह किया था केस दर्जगांव नीरपुर में रहने वाले विक्रम बहादुर भण्डारी ने पुलिस को बयान दिए है कि नीरपुर में होटल मालिक सतेंद्र के पास खाने बनाने का काम करता है। वह करीब तीन माह से यहां काम कर रहा है। रात को काम करके सो रहा था। रात करीब साढ़े 12 बजे जब वह होटल में कमरे में सो रहा था तो बाहर से किसी ने दरवाजा खटखटाया। वह बाहर आया तो तीन पुलिस वाले थे। जिन्होंने कहा कि अगले कमरे में कौन है। जवाब दिया कि मालिक का कमरा है। बंद है। फिर उसे गाड़ी में बैठकर मारना पिटना शुरू कर दिया। उसके बाद महावीर पुलिस चौकी में लेकर आए और वहां पर भी उसके साथ तीनों पुलिस कर्मियों ने मारपीट की।

### आरोपी एएसआई गिरफ्तार : एसपी

इस संबंध में एसपी पूजा वशिष्ठ ने मीडिया के पूछने पर बताया कि इस मामले में केस दर्ज कर आरोपित एएसआई देवेंद्र को सस्पेंड कर दिया गया है। उसकी गिरफ्तारी भी हो चुकी है। वहीं दूसरा आरोपित होमगार्ड राजकुमार के खिलाफ संबंधित विभाग को लिख दिया गया है। इसके अलावा अन्य आरोपित एसपीओ अभी फरार है।

## शब्द पहेली - 5860





**बाएँ से दाए-**
1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट, शर्ट-3
6. लाख, गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान, रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा, उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष, बरस-2
18. लय, स्वर-2
19. गदर, बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरुर, घमंड-4
24. राजा, सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ, फिजूल-3
28. चतुर्थ, चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत, जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर, थाती-4
15. तरंग, हिलोर-3
16. निरंकुश, मुंहजोर-4
17. किनारा, तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया, जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान, शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर, भगवान-2
28. प्रेम, लगन-2

### शब्द पहेली -5859 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बं | दा | न | वा | ज | | आ | स | मा | न |
| न | दी | | र | | ल | बा | दा | | र | जा |
| व | | ज | म | ज | म | | ब | री | | क |
| जी | म | ना | | | ह | ठ | | ता | क | त |
| व | | चा | | जे | ल | | पे | | ता | |
| न | ग | र | से | ठ | | फ | ट | का | र | ना |
| | री | | ना | | स | ना | | रो | | म |
| सु | ब | ह | | दा | म | | | बा | री | क |
| र | | क | श | | झ | न | का | र | | र |
| ता | प | | प | र | दा | | म | | क | ण |
| ल | थ | प | थ | | र | च | ना | का | र | |





# ‘आपरेशन सिंदूर’: तेंदुलकर समेत भारतीय खेल जगत ने देश की कार्रवाई को सराहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिये भारतीय सेना के ‘आपरेशन सिंदूर’ की भारतीय खेल जगत ने सराहना की है और चैम्पियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने तो कहा ,“एकता में निडर, शक्ति में असीम।” तेंदुलकर ने ‘एक्स’ पर लिखा , ‘एकता में निडर, शक्ति में असीम । भारत की ढाल उसके लोग हैं । दुनिया में आतंकवाद के लिये कोई जगह नहीं है । हम एक टीम हैं । जय हिंद ।’ पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने लिखा ,“ अगर कोई आप पर पत्थर फेंके तो उस पर फूल फेंको लेकिन गमले के साथ । जय हिंद ।”

**हम एक देश ही नहीं एक टीम है : युवराज**

भारत की 2011 वनडे विश्व कप जीत के नायक युवराज सिंह ने लिखा ,“ हमारे देश की ताकत इसके लोगों की एकता और सही की रक्षा करने के हमारे संकल्प में है । हम एक देश ही नहीं बल्कि एक टीम के रूप में हर उस ताकत के खिलाफ साथ है जो अमन के लिये खतरा है । समरसता चाहने वाले विश्व में आतंकवाद के लिये कोई जगह नहीं हो सकती ।”

### धवन, गंभीर व साइना ने की सराहना

पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने लिखा ,“ भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की ।” पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान और ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने कहा ,“ जय हिंद ।” भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच और भाजपा के पूर्व सांसद गौतम गंभीर ने आपरेशन सिंदूर तस्वीर के साथ लिखा ,‘ जय हिंद ।’



### भारत ने प्रतिकूलता को फतेह में बदला : शमी

तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने आपरेशन सिंदूर की तस्वीर के साथ लिखा ,“ भारतीय सशस्त्र बल ने प्रतिकूलता को सशक्त फतेह में बदल दिया । भारतीय सेना के शौर्य और साहस ने हम सभी को गौरवान्वित किया है ।” पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने भी भारत की कड़ी प्रतिक्रिया की सोशल मीडिया पर सराहना की।

### आतंकवाद अब बर्दाश्त नहीं : दत्त

ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह और पहलवान योगेश्वर दत्त ने भी इसकी सराहना की । विजेंदर ने लिखा ,“ भारत माता की जय ।” योगेश्वर ने लिखा ,“ आतंकवाद अब बर्दाश्त नहीं करेगा भारत । जय हिंद, जय जवान ।”

### भारत ने दिया माकूल जवाब : विदित गुजराती

शतरंज खिलाड़ी विदित गुजराती ने लिखा ,“ मुझे खुशी है कि भयानक पहलगाम हमले के बाद भारत ने आपरेशन सिंदूर के जरिये माकूल जवाब दिया । आतंकवाद का जवाब दिया ही जाना चाहिये । आपरेशन का कितना सुंदर नाम । भारत माता की जय ।”

### ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ जवाब नहीं : श्रीजेश

भारतीय हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने लिखा, “तिरंगा झुकता नहीं है और जो हमारे संकल्प की परीक्षा लेंगे, वे हमारी आग का सामना करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ जवाब नहीं है, इससे याद दिलाया गया है कि हम क्या हैं। हम कहां खड़े हैं। अपने सैनिकों को सलाम करता हूं। जय हिंद।”

### आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं : पीटी उषा

भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और पूर्व फर्राटा धाविका पीटी उषा ने लिखा, “भारत में और दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। ” पूर्व विश्व चैंपियन महिला मुक्केबाज निकहत जरीन ने लिखा, “हमारे फौजी धमकी नहीं देते, कार्रवाई करते हैं।

# रोहित शर्मा ने तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, वनडे खेलना जारी रखेंगे



**नई दिल्ली (भाषा)।** रोहित शर्मा ने बुधवार को तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की जिससे सबसे लंबे प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर सभी अटकलें खत्म हो गईं। अब भारत को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की श्रृंखला के लिए नए कप्तान की जरूरत होगी। यह 38 वर्षीय खिलाड़ी अपने करियर के दूसरे हिस्से में भारत के सबसे सफल टेस्ट बल्लेबाजों में से एक था। रोहित ने 67 टेस्ट में 12 शतक और 18 अर्धशतक की मदद से 40.57 की औसत से 4301 रन बनाए। पिछले साल विश्व कप के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से पहले ही संन्यास ले चुके रोहित अब भारत के लिए केवल वनडे प्रारूप में ही नजर आएंगे।

रोहित ने पीटीआई की खबर ब्रेक करने के बाद अपने इंस्टाग्राम पर अपनी टेस्ट कैप के साथ एक फोटो पोस्ट करते हुए लिखा, ‘‘सभी को नमस्कार, मैं बस यह साझा करना चाहता हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। सफेद जर्सी में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात रही है। ‘‘ उन्होंने लिखा, ‘‘इतने सालों तक मिले प्यार और समर्थन के लिए आपका शुक्रिया। मैं वनडे प्रारूप में भारत का प्रतिनिधित्व करना जारी रखूंगा। ‘‘ रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत की कप्तानी की। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर पिछली श्रृंखला और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बोर्डर-गावस्कर श्रृंखला के अलावा कप्तान के रूप में उनका प्रदर्शन प्रभावी रहा। इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए भारत के पास एक नया टेस्ट कप्तान होगा जिसके संभावित उम्मीदवार जसप्रीत बुमराह, लोकेश राहुल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत हो सकते हैं। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान कुछ टेस्ट मैचों में टीम की कप्तानी की थी। रोहित ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान कठिन दौर का सामना किया, जहां उन्हें खराब फॉर्म के कारण अंतिम एकादश से बाहर होने का फैसला करना पड़ा। पर उन्होंने उस समय संन्यास लेने से इनकार कर दिया था।

■ रोहित ने 67 टेस्ट में 12 शतक और 18 अर्धशतक की मदद से 40 .57 की औसत से 4301 रन बनाए

मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ उनके मतभेदों की भी काफी अटकलें रही थीं जिन्होंने पिछले साल जुलाई में कार्यभार संभालने के बाद भारतीय क्रिकेट में ‘स्टार संस्कृति’ खत्म करने की बात की थी। दोनों ने लगातार इस बात का खंडन किया। लेकिन गंभीर ने बार बार स्पष्ट किया है कि केवल प्रदर्शन ही टीम में चयन सुनिश्चित करेगा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि रोहित की टेस्ट कप्तानी का मुख्य आकर्षण भारत को 2023 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचना था जिसमें टीम को ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। इसी साल टीम एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में भी ऑस्ट्रेलिया से हार गई थी।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 11 | 8 | 3 | 16 |
| बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 |
| पंजाब | 11 | 7 | 3 | 15 |
| मुंबई | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 11 | 6 | 4 | 13 |
| कोलकाता | 12 | 5 | 6 | 11 |
| लखनऊ | 11 | 5 | 6 | 10 |
| हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 |
| राजस्थान | 12 | 3 | 9 | 6 |
| चेन्नई | 12 | 3 | 9 | 6 |

ऑरेंज कैप



सूर्यकुमार यादव
510 रन
मुंबई

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
19 विकेट
गुजरात

## खबर संक्षेप

### ताइपे ओपन : श्रीकांत आयुष, दूसरे दौर में

**ताइपे।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने बुधवार को यहां ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपना अभियान शानदार तरीके से शुरू करते हुए सीधे गेम में जीत दर्ज कर कई अन्य युवा खिलाड़ियों के साथ दूसरे दौर में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में 61वें स्थान पर काबिज श्रीकांत ने हमवतन संकर सुब्रमण्यम (2022 विश्व जूनियर चैंपियनशिप रजत पदक विजेता) को 21-16 21-15 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया और अब उनका सामना एक अन्य भारतीय आयुष शेट्टी से होगा।

## भारत के कम से कम दो पदक पक्के हो गए

# भारतीय पुरूष, महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमें विश्व कप दूसरे चरण के फाइनल्स में

एजेंसी ▶▶ शंघाई

भारतीय पुरूष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमें बुधवार को विश्व कप के दूसरे चरण के फाइनल्स में पहुंच गई जिससे भारत के कम से कम दो पदक पक्के हो गए। कंपाउंड तीरंदाजों ने जहां अच्छा प्रदर्शन किया, वहीं ओलंपिक में शामिल रिकर्व वर्ग में निराशा हाथ लगी।

धीरज बोम्मादेवरा ही शीर्ष दस में जगह बना सके जबकि बाकी का क्वीफाइंग दौर में स्कोर खराब रहा । भारत के ओजस देवताले, अभिषेक वर्मा और ऋषभ यादव की नंबर एक टीम ने ब्रिटेन को क्वार्टर फाइनल में 239 . 232 से हराया । इसके बाद डेनमार्क को 232 . 231 से मात दी ।

### महिला कंपाउंड में भारत का मुकाबला मैक्सिको से होगा

महिला कंपाउंड वर्ग में भारत की मधुरा धमनगांवकर, चिकिता तानीपर्थी और ज्योति सुरेखा वेन्नम ने कजाखस्तान की टीम को क्वार्टर फाइनल में हराया । इसके बाद ब्रिटेन को हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां शनिवार को उसका सामना मैक्सिको से होगा ।

### धीरज ने शीर्ष दस में बनाई जगह



### क्वार्टर फाइनल में भारत ने पहली सीरिज गंवाई

ब्रिटेन के खिलाफ पुरूष वर्ग के क्वार्टर फाइनल में भारत ने पहली सीरिज 59 . 60 से गंवा दी जिसके बाद 60 . 58 से जीता । तीसरी सीरिज में भारत 60 . 57 से विजयी रहा और चौथा सेट भी इसी अंतर से जीता । सेमीफाइनल में भारत ने पहली सीरिज 57 . 60 से गंवाई जबकि दूसरी में स्कोर 58 . 58 रहा ।

### भारत ने कजाक व ब्रिटेन को हराया

तीसरी सीरिज भारत ने 115 . 118 से गंवाई । इसके बाद भारत ने 57 . 56 से जीत दर्ज की। महिला कंपाउंड वर्ग में भारत ने कजाखस्तान को 232 . 229 से और ब्रिटेन को 232 . 230 से हराया ।

### तरूणदीप रिकर्व वर्ग में 28वें स्थान पर

रिकर्व वर्ग में विश्व कप कांस्य पदक विजेता धीरज 677 अंक लेकर क्वालीफाइंग दौर में नौवे स्थान पर रहे । वह शीर्ष दस में रहने वाले एकमात्र भारतीय थे। एशियाई खेल 2010 के रजत पदक विजेता तरूणदीप राय 666 स्कोर करके 28वें स्थान पर रहे । वहीं ओलंपियन अतनु दास 57वें स्थान पर रहे । पुरूष टीम वर्ग में भारत सातवें स्थान पर रहा ।

### महिला वर्ग में दीपिका 12वें स्थान पर रही

महिला वर्ग में दीपिका कुमारी 12वें, अंकिता भकत 17वें और अंशिका कुमारी 29वें स्थान पर रही । धीरज और दीपिका रिकर्व मिश्रित वर्ग में आठवें स्थान पर रहे ।

# नूर और ब्रेविस ने चेन्नई को कोलकाता पर दो विकेट की रोमांचक जीत दिलाई

## ब्रेविस का अर्धशतक, नूर अहमद चार विकेट लेकर बने मैन ऑफ द मैच





भाषा ▶▶ कोलकाता

नूर अहमद की फिरकी के जादू के बाद डेवाल्ड ब्रेविस के तूफानी अर्धशतक से चेन्नई सुपरकिंग्स ने इंडियर प्रीमियर लीग मैच में बुधवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को बेहद रोमांचक मुकाबले में दो विकेट से हराकर मेजबान टीम की प्ले ऑफ में जगह बनाने की राह बेहद मुश्किल कर दी।

इस जीत के साथ सुपरकिंग्स ने लगातार चार हार के क्रम को तोड़ा दिया लेकिन टीम अब भी 12 मैच में छह अंक के साथ अंतिम पायदान पर है। नाइट राइडर्स की टीम 12 मैच में 11 अंक के साथ छठे स्थान पर है और अधिकतम 15 अंक जुटा सकती है। कप्तान अजिंक्य रहाणे (48), आंद्रे रसेल (38) और मनीष पांडे (नाबाद 36) की पारियों से नाइट राइट राइडर्स ने छह विकेट पर 179 रन बनाए जिसके जवाब में सुपरकिंग्स ने 60 रन पर पांच विकेट गंवाने के बावजूद डेवाल्ड ब्रेविस (52 रन, 25 गेंद, चार छक्के, चार चौके) के अर्धशतक और शिवम दुबे (45 रन, 40 गेंद, तीन छक्के, दो चौके) के साथ उनकी छठे विकेट की 67 रन की साझेदारी से 19.4 ओवर में आठ विकेट पर 183 रन बनाकर जीत दर्ज की। रहाणे ने 33 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के जड़े जबकि रसेल ने अपनी ताबड़तोड़ पारी के दौरान 21 गेंद का सामना करते हुए तीन छक्के और चार चौके मारे। नाइट राइडर्स की ओर से वैभव अरोड़ा ने 48 रन देकर तीन जबकि वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा ने क्रमशः 18 और 43 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए।

इससे पहले सुपरकिंग्स की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर नूर सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 31 रन देकर चार विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे सुपरकिंग्स की शुरुआत खराब रही और टीम ने तीसरे ओवर में 37 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए। आ यु श म्हात्रे (00) ने अरोड़ा की पारी की दूसरी ही गेंद पर हर्षित आणा को कैच थमाया। पदार्पण कर रहे उर्विल पटेल (31, 11 गेंद, चार छक्के, एक चौका) ने अरोड़ा पर छक्के से खाता खोला और फिर अगले ओवर में मोईन अली की लगातार गेंदों पर दो छक्के और एक चौका मारा। मोईन ने हालांकि सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (00) को बोल्ड कर दिया। सुपरकिंग्स ने रविचंद्रन अश्विन को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा।

### दिल्ली के लिए आज ‘करो या मरों’ का मुकाबला

**धर्मशाला।** दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिये फॉर्म में चल रही पंजाब किंग्स के खिलाफ बृहस्पतिवार को ‘करो या मरो’ के मुकाबले में हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी । पिछले पांच मैचों में तीन हारने और एक बेनतीजा रहने के बाद दिल्ली 11 मैचों में 13 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है। अक्षर पटेल की कप्तानी वाली टीम अपने घरेलू मैदान अरूण जेटली स्टेडियम पर सिर्फ एक मैच सुपर ओवर में जीत पाई है । पहले चार मैच जीतने वाली दिल्ली की टीम को उम्मीद है कि मैदान बदलने से उसकी तकदीर भी बदलेगी। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बारिश में धुले पिछले मैच में दिल्ली की बल्लेबाजी ईकाई ने निराश किया । उसके शीर्ष पांच बल्लेबाज 29 रन के स्कोर पर पवेलियन में थे और आशुतोष वर्मा की पारी के दम पर ही टीम 133 रन बना सकी । पिछले मैच में करूण नायर से पारी की शुरूआत कराने का दाव भी नहीं चला और वह खाता भी नहीं खोल पाये।

### मुशीर, म्हात्रे, शेडगे और रघुवंशी को टी20 मुंबई लीग में अच्छे दाम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

युवा मुशीर खान, आयुष म्हात्रे , सूर्यांश शेडगे और अंगकृष रघुवंशी को टी20 मुंबई लीग के तीसरे सत्र के लिये प्रारंभिक दौर की नीलामी में अच्छे दाम मिले हैं। यह लीग 26 मई से आठ जून तक खेली जायेगी। इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के लिये खेल रहे 20 वर्ष के मुशीर को आर्क्स अंधेरी ने 15 लाख रूपये में खरीदा। मुंबई के लिये इस साल रणजी क्रिकेट में पदार्पण करने वाले म्हात्रे ने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिये पदार्पण किया । उसे ट्रायंफ नाइट्स मुंबई नॉर्थईस्ट ने 14 . 75 लाख रूपये में खरीदा ।

#### शेडगे 13.75 लाख में खरीदा गया

शेडगे को भी इसी टीम ने 13 . 75 लाख रूपये में खरीदा । भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव इस टीम के आइकन खिलाड़ी हैं । केकेआर के लिये खेलने वाले रघुवंशी को सोबो मुंबई फाल्कंस ने 14 लाख रूपये में खरीदा । वहीं तनुष कोटियान को नॉर्थ मुंबई पैंथर्स ने 10 लाख रूपये में खरीदा ।

### पंड्या और नेहरा पर लगा जुर्माना

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और उनकी टीम पर धीमी ओवरगति के लिये भारी जुर्माना लगाया गया जबकि गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर खेलभावना के विपरीत आचरण के लिये जुर्माना और डिमेरिट अंक लगाये गए। मुंबई को आईपीएल के वर्षाबाधित मैच में गुजरात ने डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर तीन विकेट से हराया। आईपीएल ने एक बयान में कहा ,“ यह आईपीएल आचार संहिता के तहत इस सत्र में उनकी टीम का धीमी ओवरगति का दूसरा अपराध था । पंड्या पर 24 लाख रूपये जुर्माना और गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।”मुंबई की बाकी टीम और स्थानापन्न खिलाड़ियों पर छह लाख रूपये या उनकी मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया है। नेहरा की गलती के बारे में बताया नहीं गया लेकिन बार बार बारिश के कारण मैच रूकने के दौरान उन्हें आपा खोते देखा गया । वह मैदानी अंपायरों से भी बार बार बात कर रहे थे ।

**त्रिकोणीय मुकाबले के फाइनल में होगा श्रीलंका से सामना**

# रौड्रिग्स का शतक, भारतीय महिला टीम 23 रन से जीतकर फाइनल में

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

जेमिमा रौड्रिग्स की कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 123 रन की पारी तथा सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (51 रन) और दीप्ति शर्मा (93 रन) के अर्धशतकों की बदौलत भारत ने बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 23 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें उसका सामना श्रीलंका से होगा।

चौबीस वर्ष की रौड्रिग्स की 15 चौकों और एक छक्के जड़ित 101 गेंद की पारी से भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 337 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। फिर अपनी तेज गेंदबाज अमनजोत कौर (59 रन देकर तीन विकेट) और ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा (57 रन देकर दो विकेट) की मदद से दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट पर 314 रन ही बनाने दिए। दक्षिण अफ्रीका के लिए एनेरी डर्कसेन की 81 रन और कप्तान क्लो ट्रायोन की 67 रन की पारी भी काम नहीं आ सकी। भारत ने रॉउड रॉबिन चरण का अंत चार मैच में छह अंक के साथ समाप्त किया। श्रीलंका के तीन मैच में चार अंक हैं और शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका को हराकर वह दो अंक और हासिल कर सकता है। दक्षिण अफ्रीका लगातार तीन मैच गंवाकर फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया जबकि उसे अभी श्रीलंका के खिलाफ एक मैच खेलना है। इससे पहले रौड्रिग्स ने मंधाना के साथ पहले विकेट के लिये 99 गेंद में 88 रन की साझेदारी की । इसके बाद दीप्ति के साथ 115 गेंद में 122 रन जोड़े ।



# आपरेशन सिंदूर से आईपीएल टीमों की यात्रा होगी प्रभावित

**धर्मशाला हवाई अड्डा बंद!**

**नई दिल्ली/धर्मशाला।** पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर भारत के मिसाइल हमले के बाद धर्मशाला हवाई अड्डा अस्थायी रूप से बंद होने के कारण आईपीएल टीमों की यात्रा का कार्यक्रम प्रभावित हुआ है जिन्हें वहां खेलना है और बीसीसीआई इस अस्थिर स्थिति से निपटने के लिए अपने विकल्पों पर विचार कर रहा है। धर्मशाला में बृहस्पतिवार को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स का मैच होना है । इसके बाद 11 मई को पंजाब और मुंबई इंडियंस का मैच वहां खेला जाना है। मुंबई टीम का यात्रा कार्यक्रम भी अभी अनिश्चित है । तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए शाम के मैच में ‘फ्लडलाइट्स’ का प्रयोग सुरक्षा मुद्दा है और इसका असर इस बात पर पड़ सकता है कि मैच तय कार्यक्रम के अनुसार होगा या नहीं। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) के एक सूत्र ने बताया, ‘‘हमें बीसीसीआई या केंद्र और राज्य सरकारों से कल के मैच को रद्द करने के बारे में कोई लिखित सूचना नहीं मिली है। जब तक कोई आधिकारिक निर्देश नहीं मिलता, हम कार्यक्रम के अनुसार ही काम करेंगे। ‘’ रविवार का मुकाबला अभी ‘लॉजिस्टिक’ चुनौती है क्योंकि एयरपोर्ट के अनिश्चितकालीन बंद होने के कारण मुंबई इंडियंस यात्रा करने की स्थिति में नहीं है। पता चला है कि बीसीसीआई मैच को मुंबई में स्थानांतरित करने के विकल्प पर विचार कर रहा है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार और फतेहाबाद में मैकेनिकल वर्कशॉप में रोलिंग शटर की आपूर्ति, स्थापना, पेंटिंग और प्रचालन का कार्य। | 05.05.2025 12.05.2025 | 4.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-225133 pwd-eemd-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प सोनीपत | एमएनएसएस राई में ऑडिटोरियम बिल्डिंग के पुनरोद्धार हेतु विशेष मरम्मत + 2 कार्य। | 05.05.2025 12.05.2025 | 81.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 3 | वन विभाग चरखी दादरी | कादमा ब्लॉक का न्यू प्लांटेशन + 4 अन्य कार्य। | 05.05.2025 12.05.2025 | 147.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9968163096 dfodadri@yahoo.com |
| 4 | बी.पी.एस. जी.एम.सी. फॉर वीमन खानपुर कलां, सोनीपत | एएसएसआर मशीन की स्थापना के लिए निश्चित किए गए कमरे को साउंड प्रूफिंग बनाने के लिए ई-निविदा + 1 अन्य कार्य। | 08.05.2025 19.05.2025 | ईएमडी 54,000 | https://etenders.hry.nic.in | 9728972827 Bpsgmc.purchase@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/80/34562/I/88/6 दि. 07.05.25

## चिंतन

# ऑपरेशन सिंदूर से आतंक पर भारत का करारा प्रहार

भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंकी गुटों के नौ ठिकानों को ध्वस्त करके पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया है। हमारी सेना ने ऑपरेशन सिन्दूर के जरिये अपना शौर्य दिखाया और पाकिस्तान की सीमा में घुसे बगैर पिन प्वाइंट करके टार्गेट पर सटीक हमला किया। ये हमले पीओके और पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डों पर किए गए। इनमें कई आतंकियों की जान भी गई है। भारत ने इस सैन्य ऑपरेशन से आतंकी गुटों और इसके सरपरस्तों को करारा जवाब दिया है कि वे भारत पर हमला करके बच नहीं सकते हैं। नया भारत शांति के पुजारी के साथ-साथ दुश्मनों को नेस्तनाबूद करने की क्षमता भी रखता है। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने निहत्थे बेकसूर पर्यटकों के समूह पर धर्म पूछकर हिंदुओं पर हमला किया, जिसमें 26 पर्यटक व एक स्थानीय नागरिक मारे गए। इस हमले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित आतंकी गुट द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली। टीआरएफ पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा का छद्म गुट है। इससे साफ हो गया था कि पहलगाम में टीआरएफ के आतंकी हमले पाकिस्तान स्थित आतंकी गुटों की करतूत है। पाकिस्तान में लश्करे तैयबा, जैश ए मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आधा दर्जन आतंकी गुट पाकिस्तान एटाब्लिशमेंट की सरपरस्ती में भारत में आतंकी हमले में लिप्त है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंक की नस काटने के लिए अनेक कदम उठाए। सिंधु जल संधि को निलंबित किया, चिनाब का पानी रोका, अटारी व वाघा सीमा को बंद किया, पाकिस्तान के नागरिकों को भेजा, पाक उच्चायोग में कर्मियों की संख्या 30 तक सीमित की, ट्रेड पूरी तरह बंद किया, हवाई क्षेत्र बंद किए, पाक के यूट्यूब चैनल ब्लॉक किए गए। इसके बाद आखिर में सेना ने पाक स्थित आतंकी अड्डों को एयर स्ट्राइक करके नेस्तनाबूद किया। इस दौरान भारत ने ध्यान रखा है कि पाक के सामान्य नागरिकों, पाक फौज के क्षेत्र और पाक के सरकारी प्रतिष्ठानों को कोई नुकसान नहीं पहुंचे। इसके बाद से बौखलाया पाकिस्तान सीमा पार से एलओसी पर लगातार सीज फायर का उल्लंघन कर गोलीबारी कर रहा है, जिसमें करीब 15 भारतीय नागरिक मारे गए हैं, भारत इस गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। देश इस वक्त हाई अलर्ट पर है और पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस के लिए तैयार है। भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई हमेशा जारी रखेगा और आतंक के आकाओं का खात्मा करता रहेगा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित पीओके में मुजफ्फराबाद स्थित लश्कर के सवाई नाला ट्रेनिंग सेंटर, सैयदना बिलाल कैंप, कोटली का लश्कर का गुरपुर कैंप, अब्बास कैंप, भिम्बर का बरनाला कैंप, सियालकोट का सरजल कैंप व हिजबुल महमूना जाया कैंप, मुरीदके का मरकज तैयबा कैंप, बहावलपुर में जैश का हेडक्वार्टर मस्जिद सुभान अल्लाह जैसे अहम आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके दहशतगर्दी के ढांचे की कमर तोड़ी गई है। आतंक के इन्हीं अड्डों से भारत के खिलाफ आतंकवादी कुकृत्यों को अंजाम दिए जाते रहे हैं। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि सेना ने पाकिस्तान में आतंकी ढांचे को नष्ट करने और भविष्य में ऐसे किसी हमले को रोकने के लिए 'नपी-तुली, टकराव को न बढ़ाने वाली, संतुलित और जिम्मेदाराना' कार्रवाई की। भारत ने आतंकियों को कड़ा सबक सिखाया है। भारत ने मिसाइल हमले कर बता दिया है कि हमारा दायरा सीमित नहीं है, आतंक के खिलाफ हम कहीं भी कार्रवाई कर सकते हैं।

# आतंक के आकाओं को सिखाया सबक



ऑपरेशन सिंदूर
विकेश कुमार बडोला

भारतीय सेना ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने ये हमले केवल और केवल उन आतंकी ठिकानों पर किये हैं जो पहलगाम समेत भारत के अन्य क्षेत्रों पर किये जाते रहे आतंकी हमलों के मुख्यालय के रूप में कार्यरत थे। सेना ने अपने आधिकारिक वक्तव्य में यह भी स्पष्ट किया है कि भारत ने अपनी कार्रवाई में पाकिस्तान गणतंत्र के किसी भी राजनीतिक, सैन्य या अन्य आधिकारिक प्रतिष्ठान पर हमला नहीं किया है। सेना और भारतीय शासन के माध्यम से इस कार्रवाई के बारे में दुनिया के उत्तरदायी देशों और संस्थाओं को भी यथासंभव माध्यम से सूचित कर दिया गया है। हमले के चलते पाकिस्तान ने अपने लाहौर व सियालकोट दोनों एयरपोर्ट का परिचालन बंद कर दिया है।

पहलगाम नरसंहार के बाद भारतवर्ष के समक्ष अपनी लोकतांत्रिक और सर्वोपरि सैन्य अस्मिता की रक्षा करने की चुनौती थी, जो उसने अपनी वायु सेना के अदम्य पराक्रम की सहायता से मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि के बाद एक बजे पाकिस्तान तथा उसके कब्जे वाले कश्मीर के नौ ठिकानों पर हवाई हमला करके समाप्त कर दी। जिन क्षेत्रों पर प्रक्षेपास्त्र अस्त्र छोड़े गये हैं वे बहावलपुर, कोटली और मुजफ्फराबाद में स्थित हैं। यही वे ठिकाने हैं जहां से भारत पर आतंकी हमलों का षड्यंत्र किया जा रहा था और यहीं से प्रमुख आतंकवादियों द्वारा आतंकी हमलों के आदेश दिये जा रहे थे। हालांकि पाकिस्तान अखबार डॉन के अनुसार इस हमले में 3 लोगों की मौत हुई है और 12 लोग घायल हुए हैं।

दूसरी ओर कल रात के प्रतिशोधपरक हमले के बाद भारतीय सेना ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने ये हमले केवल और केवल उन आतंकी ठिकानों पर किये हैं जो पहलगाम समेत भारत के अन्य क्षेत्रों पर किये जाते रहे आतंकी हमलों के मुख्यालय के रूप में कार्यरत थे। सेना ने अपने आधिकारिक वक्तव्य में यह भी स्पष्ट किया है कि भारत ने अपनी कार्रवाई में पाकिस्तान गणतंत्र के किसी भी राजनीतिक, सैन्य या अन्य आधिकारिक प्रतिष्ठान पर हमला नहीं किया है। सेना और भारतीय शासन के माध्यम से इस कार्रवाई के बारे में दुनिया के उत्तरदायी देशों और संस्थाओं को भी यथासंभव माध्यम से सूचित कर दिया गया है। जिन पाकिस्तानी क्षेत्रों पर हमला हुआ है चूंकि वे लाहौर व सियालकोट एयरपोर्ट के समीप हैं अतः पाकिस्तान ने अपने इन दोनों एयरपोर्ट का परिचालन बंद कर दिया है। हमले की प्रतिक्रिया में पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि भारत ने पाकिस्तान के पांच स्थानों पर हमला किया है और वे इसका करारा जवाब देंगे। उनके अनुसार उन पर जंग थोपी जा रही है। दोनों देशों के बीच विगत एक पखवाड़े से चली आ रही युद्ध की आशंकाओं के बाद भारत की एयर स्ट्राइक के संबंध में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अपने अमेरिकी समकक्ष से भी बात की। इससे पहले शासन ने 6 मई को पाक के साथ भारत के संभावित युद्ध होने की स्थिति में भारत पर शत्रु देश के हमले की स्थिति में सार्वजनिक जनजीवन की सुरक्षा के दृष्टिगत एक मॉक ड्रिल यानी सुरक्षा संबंधी पूर्वाभ्यास के बारे में भारतभर में जागरुकता संदेश प्रसारित किया है। यह अभ्यास 7 मई को अपराह्न व संध्याकाल में विधिवत ढंग से पूर्ण कर लिया गया है। पहलगाम नरसंहार के बाद पाकिस्तान तथा उसके आतंकवादियों पर भारतीय जनाक्रोश के बढ़ते रहने के कारण भारत के शासन पर जिस प्रकार शत्रु देश की शरण वाले आतंकवादियों व उनके ठिकानों को खत्म करने का उत्तरदायित्व आ पड़ा था, अंततः शासन ने अपना वह उत्तरदायित्व पूर्ण कर लिया है। इससे पहले एक गणतांत्रिक देश के समीचीन उत्तरदायित्वों का निर्वाह करते हुए भारत ने पहलगाम में अपने नागरिकों की क्रूरतम हत्याओं के बाद दोषी आतंकी गिरोहों की शरणस्थली में परिवर्तित पाकिस्तान को विभिन्न मोर्चों पर दबाने व अपमानित करने के भरसक प्रयास किये। आरंभ में अटारी-वाघा सीमा बंद करने, सिंधु जल समझौता निरस्त करने, समझौते के तहत निर्धारित



पाकिस्तान के हिस्से वाली नदियों के बांधों पर पानी रोकने, पाक राजनयिकों समेत नागरिकों को भारत छोड़ने और पाक से अपने राजनयिकों व नागरिकों को वापस बुलाने, उसके साथ हर तरह का आयात-निर्यात बंद करने, डाक कूरियर और पत्राचार सेवा बंद करने, अपने हवाई क्षेत्र को उसके लिए पूर्णतः बंद करने, वहां के विवादित यूट्यूब चैनलों सहित कई ट्विटर खातों को भारत में प्रतिबंधित करने, सिनेमा खेल इत्यादि अन्य क्षेत्रों में पारस्परिक संपर्क विच्छेद करने, इत्यादि अनेक ऐसे निर्णय पहलगाम हमले में दिवंगत अपने नागरिकों के गहन प्रतिशोध को इंगित करते हुए प्रतीत हुए थे। इसके अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, एशियाई विकास बैंक, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा की स्थायी व अस्थायी परिषदों में पाकिस्तान को आतंक पोषण-संरक्षण की उसकी करतूतों के लिए पूरी तरह उत्तरदायी ठहराने के बाद उस पर इन ऐसी संस्थाओं द्वारा भविष्य में लगाये जा सकने वाले हरसंभव प्रतिबंध के लिए जमीन तैयार करने के लिए भी भारत ने चाकचौबंद पूर्वव्यवस्था कर दी है। पाकिस्तान की ओर बहने वाली सभी नदियों के बांधों के पानी को रोकने जैसे निर्णय अंततः पाकिस्तान में भयंकर उथल-पुथल मचायेंगे। विगत में 2019 के आसपास भारत ने एफएटीएफ के माध्यम से पाक को उसकी आतंकी करतूतों के लिए ग्रे सूची में डालने में सफलता पाई है, लेकिन एक बार यदि वह ब्लैक लिस्ट हो जाता है, तो दुनिया की किसी भी सार्वजनिक संस्था के माध्यम से उसे कर्ज नहीं मिल सकेगा। जो देश कर्ज के बूते ही किसी तरह अपनी नैया पार लगाने की जुगत में रहा है, उसके लिये यह कार्रवाई पूरी तरह बर्बाद होने की स्थिति ही होगी। फिलहाल पाकिस्तान के साथ चीन, तुर्की और अजरबेजान के अतिरिक्त कोई अन्य देश खड़ा दिखाई नहीं दे रहा। चीन भी केवल और केवल किंचित न्यून अप्रत्यक्ष रूप में इसलिए पाक के साथ खड़े होने का आभास करा रहा है क्योंकि चीन-पाक आर्थिक गलियारे में चीन द्वारा किये गये निवेश के तहत उसकी अनेक महत्वपूर्ण संरचनाएं पाक में स्थित हैं। चीन को केवल उन संरचनाओं की चिंता है ना कि पाकिस्तान के बर्बाद होने की। अर्थ-व्यापार के लिए भारत पर अत्यधिक निर्भर चीन के लिए संभव नहीं होगा कि वह पाकिस्तान के दीर्घकालीन सैन्य हितों अथवा भारत के साथ युद्ध में उलझने वाले पाकिस्तान के प्रत्यक्ष आर्थिक-सामरिक हितों के लिए उसका सीधा साथ दे सके। तुर्की भी कहीं न कहीं अपने किसी हित के लिए पाकिस्तान के समर्थन में कूदा हुआ है, जो अंततः पाक को पूरी दुनिया में अलग-थलग पड़ा हुआ ही दिखाता है। इसके विपरीत भारत की बढ़ती आर्थिक हैसियत और लगभग हर क्षेत्र में एक गहन उत्तरदायी गणतांत्रिक देश के रूप में प्रतिबिंबित भारतीय छवि के आकर्षण में बंधकर आज रूस, अमेरिका, जापान, फ्रांस बहुत हद तक भारत के साथ हैं। जर्मनी, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, कोरिया, कनाडा, इत्यादि देश भी भारत की बढ़ते अर्थप्रभुत्व के कारण भारत के साथ ही हैं। फ्रांस के साथ तो पहलगाम नरसंहार के बाद भारत-पाक के मध्य उभरी युद्धक आशंकाओं के आलोक में भारत ने राफेल विमान खरीदने की 63000 करोड़ की डील को अंतिम रूप भी दे दिया है। रूस से भी भारत को एक मिसाइल प्रौद्योगिकी मिल चुकी है, जो शीघ्र ही भारतीय सैन्य बेड़े में सम्मिलित होगी। रूस के राष्ट्रपति पहलगाम हमले के बाद स्पष्ट रूप में वक्तव्य दे चुके हैं कि वे हर हालत में भारत के साथ हैं।जापान के रक्षा मंत्री ने भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ नई दिल्ली में प्रत्यक्ष भेंटवार्ता करते हुए स्पष्ट किया है कि उनका देश भारतीय हितों के साथ खड़ा है। इन परिस्थितियों में साफ-साफ दिखाई देता है कि पाकिस्तान के साथ चाहे सैन्य युद्ध की परिस्थितियां निर्मित हों चाहे कोई अन्य तरह का तनाव, भारत का पलड़ा बहुत भारी है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## विश्लेषण

विनोद पाठक



# पाक सेना की पकड़ से छूट रहा पाकिस्तान!

नौ मई 2023 का दिन पाकिस्तानी सेना कभी भूलेगी नहीं, उस दिन पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों ने पाकिस्तान में उस भ्रम को तोड़ दिया था कि वहां सेना को कोई चुनौती नहीं दे सकता। इमरान समर्थकों ने न केवल 20 से ज्यादा सैन्य और सरकारी भवनों पर हमला किया था, बल्कि रावलपिंडी में सेना के मुख्यालय में घुसकर तोड़-फोड़ की थी। तब एक तरह से पाकिस्तान की जनता का विश्वास अपनी सेना से उठ गया था। पाकिस्तानी सेना की इज्जत मिट्टी में मिल गई थी। ठीक दो साल बाद 6-7 मई की मध्यरात्रि को भी पाकिस्तान सेना भूलेगी नहीं। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के ठीक दो सप्ताह बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान सेना के चेहरे से एक और नकाब उतार दिया है। यह स्पष्ट है कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान सेना की और दुर्गति देखने को मिलेगी। दुनिया जानती है कि पाकिस्तान में नागरिक सरकार सिर्फ एक मुखौटा भर है। पाकिस्तान सेना ही देश को चलाती है। अपनी झूठी प्रतिष्ठा को बचाए रखने के लिए पाकिस्तान सेना केवल और केवल प्रोपेगेंडा का सहारा लेती है। 1965 के भारत-पाक युद्ध, जिसमें पाकिस्तान सेना की करारी हार हुई थी, में वो खुद को विजेता घोषित बताती आ रही है। हर वर्ष 6 सितंबर को 'रक्षा दिवस' या 'यौम-ए-दिफा' मनाती आ रही है, जबकि 1965 में तथाकथित मजबूत पाकिस्तान सेना की पोल 1971 में तब खुल गई थी, जब भारतीय सेना ने न केवल उसे पटखनी दी, बल्कि पाकिस्तान के दो टुकड़े भी करा दिए थे। 1971 भारत-पाक युद्ध के बाद पाकिस्तान सेना के जनरल जिया-उल-हक ने मार्शल लॉ लगाकर सत्ता पर कब्जा कर लिया था। साढ़े चार दशक से पाकिस्तान की जनता अपनी सेना के झूठ को सच मानकर झूम रही थी, लेकिन अब लग रहा है कि जनता का मन सेना से भर गया है। बलूचिस्तान हो या खैबर पख्तूनख्वा या पाक अधिकृत कश्मीर, हर तरफ से पाकिस्तान सेना के खिलाफ आवाजें उठ रही हैं। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में सेना पर लगातार हमले हो रहे हैं। पाकिस्तानी सैनिक मारे जा रहे हैं। विद्रोह को दबाने के लिए पाकिस्तान सेना ने जुल्म की इंतहां की हुई है। जो कोई पाकिस्तान सेना के खिलाफ कुछ बोलता है, या तो वो जेल में होता है या देश छोड़कर उसे भागने पर विवश होना पड़ता है। पाकिस्तान सेना के कुछ और झूठों पर नजर डालते हैं। 2016 में उरी हमले के बाद भारतीय सेना की स्ट्राइक को पाकिस्तान सेना ने सिरे से नकार दिया था, जबकि उसे नुकसान हुआ था। 2019 में पुलवामा के बाद जब भारत ने पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की तो पाकिस्तान सेना ने उसे बिना किसी नुकसान वाला बता डाला था, जबकि बालाकोट में जिस आतंकी ठिकाने पर भारतीय वायुसेना ने मिसाइल गिराई थीं, वहां चार महीने मीडिया को जाने नहीं दिया गया था। भारतीय एयर स्ट्राइक के अगले दिन पाकिस्तान वायुसेना ने जवाबी हमला किया था, जिसमें भारतीय वायुसेवा के पायलट अभिनंदन पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू जहाज का पीछा करते हुए एलओसी पार कर गए थे और उनके मिग-21 बाइसन ने एफ-16 को मिसाइल से शूट कर दिया था। हालांकि, अभिनंदन का विमान भी मिसाइल लगने से क्रैश हो गया था। पाकिस्तान सेना की सोशल मीडिया टीम यह भ्रम फैलाकर अपनी जनता को उल्लू बना रही है कि उसने भारतीय वायुसेवा के लड़ाकू जहाजों को गिराया है, जबकि भारत सरकार और सेना यह साफ कर चुकी है कि सभी पायलट सुरक्षित हैं। कोई जहाज नष्ट नहीं हुआ है। दरअसल, दुनिया में एक मजाक चलता है कि सभी देशों को फौज मिली है, लेकिन पाकिस्तान में फौज को एक देश मिला है। अपने फायदे के लिए पाकिस्तान सेना शुरू से वहां आतंक को पालती आ रही है। पाकिस्तान सेना के जनरलों ने अरबों अमेरिकी डॉलर आतंकवाद के नाम पर डकारे हैं। अब पाकिस्तान सेना का बुरा समय शुरू हो गया है। जिस आतंकवाद रूपी जहरीले सांप को उसने पाला था, वही उसे डस रहा है। पाकिस्तान सेना के खिलाफ देश के भीतर से आवाजें उठ रही हैं। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा से बगावत के सुर बुलंद हो चले हैं। पाकिस्तान सेना को वहां के लोग ही उसका असली चेहरा दिखा रहे हैं। भारत के लिए यह सुनहरा अवसर है। भारत को चाहिए कि वो पाकिस्तान सेना की कमर तोड़ दे। ऑपरेशन सिंदूर तक न रुके। जैसा कुछ पूर्व भारतीय जनरल कह रहे हैं कि यह ऑपरेशन सिंदूर का फेस वन है। आवश्यकता पाकिस्तान सेना को हर तरीके से नुकसान पहुंचाने और बेनकाब करने की है। आतंकी पाकिस्तान सेना का फन कुचलने तक भारत को रुकना नहीं चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सिद्धार्थ से बुद्धत्व तक की यात्रा




संकलित

**दर्शन**

जन्म, संबोधि और निर्वाण- बुद्ध के जीवन की ये तीन महत्वपूर्ण घटनाएं वैशाख पूर्णिमा के दिन हुईं। यह सिद्धार्थ के बुद्धत्व तक की यात्रा है, जिसमें उन्होंने जन-कल्याण के लिए महानिर्वाण को भी त्याग दिया। बुद्ध का हृदय करुणाशील था, जैसे उनके हृदय में करुणा का सागर हिलोरें ले रहा हो। यह करुणा ही उनके सूत्रों को मानवता के कल्याण का प्रेरक बनाती है। उनका उद्देश्य केवल बाहरी दुनिया को बदलना नहीं था, बल्कि अंदर की स्थिति को बाहरी जगत से एकीकृत करना था। बुद्ध का एक प्रसिद्ध धम्मसूत्र है- मनुष्य का जीवित रहना भी दुर्लभ है, सद्धर्म का श्रवण करना भी दुर्लभ है और बुद्धों का उत्पन्न होना भी दुर्लभ है। मनुष्य होना इतना आसान नहीं है, इतना सरल नहीं है। हालांकि हमें यही लगता है कि डेढ़ अरब से अधिक जनसंख्या अकेले भारत की ही है। इसका मतलब मानव जन्म सुलभ है, तभी तो सब पैदा हो गए। पर बुद्ध ने कुछ सोच-समझकर ही ऐसा कहा होगा क्योंकि बुद्ध ऐसे व्यक्ति हैं, जो सिर्फ बोलने के लिए कोई बात नहीं बोलते, बल्कि विज्ञान, तर्क, बुद्धि, विवेक आदि का उपयोग करने के बाद ही मुख से वचन निकालते हैं। उनके कहने का अभिप्राय यह है कि सिर्फ मनुष्य का शरीर पाया तो क्या पाया, अगर मनुष्यता नहीं पाई तो मनुष्य कहां से हुआ! मनुष्य शरीर कीमती है, निश्चित ही कीमती है, लेकिन मनुष्य का शरीर मिल गया, अब और कुछ नहीं चाहिए; ऐसा नहीं है। जैसे गुलाब का बीज तुम्हारे हाथ में हो, लेकिन उस बीज को जब तक तुम धरती में नहीं डालो और वह पौधा न बने, उसमें फूल न लगें, तब तक आप उस बीज से निकलने वाले फूलों की खुशबू नहीं ले सकते।

## दुष्ट, नकारात्मक और अहंकारी से बचें



संकलित

**प्रेरणा**

चाणक्य का मानना था कि जीवन में बहुत से लोग होते हैं, जिनका साथ हमारे लिए हानिकारक हो सकता है। विशेष रूप से दुष्ट, नकारात्मक और अहंकारी लोग हमारी मानसिक शांति को भंग कर सकते हैं। आचार्य चाणक्य ने अपनी नीति में दुष्ट लोगों से बचने का महत्वपूर्ण सुझाव दिया है और इसके लिए उन्होंने सांप की तुलना का प्रयोग किया है। दुष्ट व्यक्ति और सांप की तुलना की जाए तो सांप बेहतर है, क्योंकि सांप एक बार डसता है, जबकि दुष्ट व्यक्ति हर कदम पर धोखा देता है। चाणक्य का मानना था कि दुष्ट व्यक्ति को पहचानना बहुत जरूरी है क्योंकि वह हमें बार-बार नुकसान पहुंचाता है। वे केवल एक बार नहीं, बल्कि हर समय हमें धोखा देने की कोशिश करते हैं। इसके विपरीत, सांप अपनी रक्षा के लिए डसता है, इसलिए हमें सांप से ज्यादा डरने की आवश्यकता नहीं है। चाणक्य का यह संदेश है कि हमें दुष्ट लोगों से हर हाल में बचना चाहिए क्योंकि उनका साथ हमारे जीवन को नष्ट कर सकता है। चाणक्य नीति में कहा गया है कि दुष्ट राजा, मित्र या शिष्य से हमें दूर रहना चाहिए, क्योंकि ये हमारे जीवन की सुख-शांति को भंग कर सकते हैं। एक दुष्ट राजा की तुलना में प्रजा कभी सुखी नहीं रह सकती। इसी तरह, एक दुष्ट मित्र या शिष्य से हमें बहुत कम लाभ मिलेगा। चाणक्य ने मूर्खों, निर्धन लोगों और वेश्याओं से भी दूरी बनाने की सलाह दी है, क्योंकि ये लोग हमेशा किसी न किसी प्रकार से हमारी प्रगति में रुकावट डाल सकते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

### शादियों में दिखावा, गरीबों के लिए मुसीबत

हमारे देश में लोगों में दिखावे की भावना बहुत बढ़ गई है। लगभग हर त्योहार, सामाजिक और धार्मिक समारोहों में भी दिखावा किया जा रहा है। यह दिखावा हमारा आर्थिक नुकसान ही नहीं करवाता है, बल्कि हमारी मानसिक शांति भी भंग करता है, खास तौर पर उनके लिए यह दिखावा मुसीबत बनता है जो अपनी हैसियत से ज्यादा खर्चा करते हैं। त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। इसके कारण अनेक समस्याएं, गरीबों के सामने पैदा होती हैं। दिखावे की बढ़ती परंपरा पर रोक लगनी चाहिए। *-विनय कुमार साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### मुक्त व्यापार समझौता



ब्रिटेन के साथ ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करके, भारत ने एक मील का पत्थर स्थापित किया है। यह व्यापक भलाई के लिए वैश्विक सहयोग के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पर अडिग है।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना



आईटीआई उन्नयन के लिए राष्ट्रीय योजना और भुवनेश्वर सहित पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना को मंजूरी, कुल 60,000 करोड़ रुपये के परिव्यय से कौशल विकास पारिस्थितिकी तंत्र को गति मिलेगी।
-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### भारतीय सेना का अभिनंदन



'ऑपरेशन सिंदूर' चलाकर कायर आतंकियों को मिटाने का काम भारत ने करके दिखाया! पहलगाम हमले का पाकिस्तान को करारा और शक्तिशाली जवाब देने के लिए भारतीय सेना को मन:पूर्वक अभिनंदन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का बहुत-बहुत आभार!
-देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र


### योद्धाओं को सलाम



पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर योद्धाओं को गर्व के साथ सलाम। अपनी बहादुरी और सटीकता के साथ उन्होंने एक बार फिर दिखा दिया है कि हमारा देश अपनी रक्षा दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ करेगा।
-एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश

## करंट अफेयर

# सोमनाथ मंदिर के लिए पाक से लाया गया था सिंधु का जल



आजादी के बमुश्किल चार साल बाद प्राचीन सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार से जुड़े एक अनुष्ठान के लिए पाकिस्तान से सिंधु नदी का जल मांगा गया था और वहां तैनात तत्कालीन भारतीय राजनयिक ने नयी दिल्ली को सूचित किया था कि पाकिस्तान सरकार इस पर कोई आपत्ति नहीं करेगी। अभिलेखीय दस्तावेजों से यह जानकारी मिली। ये दस्तावेज भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार के पास हैं। एक प्रमुख भारतीय राष्ट्रीय दैनिक में हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी 1951 में तत्कालीन रियासत के प्रमुख ने अनुष्ठान के लिए पाकिस्तान के सिंधु नदी से कुछ जल मंगाने के लिए भारतीय अधिकारियों को अनुरोध भेजा था। यह मंदिर से संबंधित समारोह के लिए विभिन्न स्थानों से जल और मिट्टी एकत्र करने के प्रयासों का हिस्सा था। यह घटना सिंधु जल संधि से नौ साल पहले की है, जिस पर भारत और पाकिस्तान के बीच सितंबर 1960 में कराची में हस्ताक्षर किए गए थे। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद नयी दिल्ली ने इस समझौते को निलंबित कर दिया है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। दिल्ली स्थित भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार (एनएआई) भारत सरकार के पुराने अभिलेखों का संरक्षक है तथा प्रशासकों और शोधकर्ताओं के उपयोग के लिए उन्हें रखता है।

## ऑफ बीट

# अंतरिक्ष यात्री शुक्ला को मिलेगा भारतीय भोजन



भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इस महीने के अंत में प्रक्षेपित होने वाले एक्सिओम मिशन 4 के जरिए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की अपनी यात्रा के दौरान विभिन्न प्रकार के चावल, मूंग दाल के हलवे और आम के रस का स्वाद ले सकेंगे। शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 14 दिन बिताएंगे। उनके पास नासा द्वारा मिशन के लिए अनुमोदित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों में से चुनने का विकल्प भी होगा। इसरो के वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों के लिए चावल के व्यंजन, मूंग दाल का हलवा और आम का रस सहित अन्य व्यंजन विकसित किए हैं। इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र के निदेशक डी.के. सिंह ने कहा, 'शुक्ला जी को 'घर का खाना' मिलेगा और उनके पास नासा द्वारा अनुमोदित अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों में से चुनने का विकल्प भी होगा। उन्होंने कहा कि इसरो और डीआरडीओ ने गगनयान मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के लिए खाद्य पदार्थ विकसित किए हैं और नासा की मंजूरी से इन्हें शुक्ला को उपलब्ध कराया जा रहा है। एक्सिओम स्पेस ने पिछले महीने एक्सिओम मिशन 4 के चालक दल के सदस्यों का एक वीडियो साझा किया था, जिसमें वे आईएसएस के लिए उपलब्ध विभिन्न खाद्य विकल्पों का स्वाद लेते नजर आ रहे थे।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### भाकियू ने अपने सभी आंदोलन स्थगित किए



**मुजफ्फरनगर।** भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए जाने के बाद उत्पन्न हालात को देखते हुए भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने बुधवार को अपने सभी आंदोलन, धरने और विरोध-प्रदर्शन कार्यक्रम स्थगित कर दिए। प्रवक्ता राकेश टिकैत ने 'फेसबुक' पर संदेश में कहा कि संगठन ने देश में मौजूदा माहौल को देखते हुए अपने सभी विरोध-प्रदर्शनों को स्थगित करने का फैसला किया है।

### मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश का निधन



**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय के सेवारत न्यायाधीश न्यायमूर्ति जे. सत्य नारायण प्रसाद का मंगलवार देर रात यहां निधन हो गया। 56 वर्षीय न्यायमूर्ति प्रसाद को दिल का दौरा पड़ा था। तंजावुर जिले में 15 मार्च, 1969 को जन्मे न्यायमूर्ति सत्य नारायण प्रसाद वेल्लोर जिले के मूल निवासी थे। उन्होंने वेल्लोर के 'वूरहीस हायर सेकंडरी स्कूल' से पढ़ाई की थी और चेन्नई के लोयोला कॉलेज से इतिहास में स्नातक की उपाधि हासिल की थी।

## पीएम मोदी ने कहा-भारत के स्पेस मिशन का नया दौर शुरू

# स्टार्टअप्स की एंट्री से अब मिल रही नई उड़ान 2040 तक चांद पर हमारे एस्ट्रॉनॉट छोड़ेंगे 'निशान'

### ग्लोबल कांफ्रेंस ऑन स्पेस एक्सप्लोरेशन को किया संबोधित



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल कांफ्रेंस ऑन स्पेस एक्सप्लोरेशन 2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने भारत की अब तक की स्पेस जर्नी और आने वाले मिशनों को लेकर कई अहम घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष सिर्फ एक मंजिल नहीं, बल्कि जिज्ञासा, हिम्मत और सामूहिक तरक्की की पहचान है। पीएम मोदी ने बताया कि जल्द ही एक भारतीय एस्ट्रॉनॉट इसरो- नासा के जॉइंट मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की यात्रा करेगा। यह भारत की पहली ह्यूमन स्पेस फ्लाइट 'गगनयान' का अगला कदम है, जो देश की तकनीकी क्षमताओं और आत्मविश्वास को दर्शाता है। मोदी ने कहा कि भारत का लक्ष्य 2040 तक चांद पर अपने एस्ट्रॉनॉट्स के फुटप्रिंट छोड़ना है। इसके अलावा मंगल और शुक्र जैसे ग्रह भी भारत की अगली स्पेस प्लानिंग में शामिल हैं। 2035 तक भारत का खुद का 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' तैयार करने का प्लान है।

'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' करेंगे तैयार

पीएम मोदी ने बताया भविष्य का रोडमैप




### महिलाएं बन रहीं हैं स्पेस मिशन की लीडर

पीएम मोदी ने बताया कि भारत के कई अहम स्पेस मिशन की अगुवाई महिला साइंटिस्ट कर रही हैं। यह बदलाव न सिर्फ वैज्ञानिक विकास बल्कि सामाजिक बदलाव की भी तस्वीर दिखाता है। उन्होंने बताया कि भारत में अब 250 से ज्यादा स्पेस स्टार्टअप्स हैं जो सैटेलाइट टेक्नोलॉजी, इमेजिंग, प्रोपल्शन सिस्टम जैसे सेक्टर में काम कर रहे हैं। इससे इनोवेशन को बढ़ावा मिल रहा है और देश को नई टेक्नोलॉजी मिल रही है।

### भारत की बड़ी उड़ान... चंद्रयान से मंगल तक

पीएम ने भारत की पिछली उपलब्धियों पर भी बात की, जैसे चंद्रयान-1 से चांद पर पानी की खोज, चंद्रयान-2 से हाई-रेजोलूशन इमेज और चंद्रयान-3 के जरिए साउथ पोल पर लैंडिंग। इसके साथ ही 2014 में भारत ने पहले ही प्रयास में मंगल तक पहुंच कर इतिहास रचा था।

### 'वसुधैव कुटुंबकम' से जुड़ा भारत का स्पेस विजन

पीएम मोदी ने कहा कि भारत का स्पेस मिशन सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के भले के लिए है। 'वसुधैव कुटुंबकम' की सोच के साथ भारत बाकी देशों के साथ मिलकर काम करना चाहता है। उन्होंने जी 20 सैटेलाइट मिशन का जिक्र करते हुए कहा कि यह ग्लोबल साउथ के लिए भारत की बड़ी देन होगी। भारत अब सिर्फ स्पेस में उड़ान नहीं भर रहा, बल्कि वहां अपनी छाप छोड़ रहा है। मोदी का यह संदेश दुनिया को भारत की स्पेस ताकत और उसकी भविष्य के रोडमैप दोनों को दिखाता है।

### आमजन को भी फायदा

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि स्पेस टेक्नोलॉजी का फायदा देश की आम जनता तक पहुंच रहा है। जैसे फिशरमैन को अलर्ट देना, मौसम की सटीक जानकारी, रेलवे की सुरक्षा और गतीशक्ति जैसी सरकारी योजनाओं में सैटेलाइट का इस्तेमाल हो रहा है।

## पटियाला के समाना रोड पर दर्दनाक हादसा

स्कूल वैन की डंपर से भीषण टक्कर हो गई

# 6 स्कूली छात्रों समेत 7 की मौत,1 गंभीर रूप से घायल

**पटियाला (एजेंसी)।** पंजाब के पटियाला में भीषण रोड एक्सीडेंट में छह स्कूली बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि स्कूल वैन की एक डंपर से भीषण टक्कर हो गई। हादसे में छह बच्चों की मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि इसके साथ ही वैन ड्राइवर की भी मौत हो गई। हादसे में एक बच्चे की हालत गंभीर है और वह अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहा है।हादसा समाना-पटियाला रोड पर टोल प्लाज़ा के नज़दीक हुआ। बताया जा रहा है कि बच्चे पटियाला के एक निजी पब्लिक स्कूल के थे। हादसे में एक बच्चा बुरी तरह घायल हो गया।



### टक्कर के बाद पेड़ से टकराया वाहन

बताया जा रहा कि समाना रोड पर नसुपुर के पास एक दुखद दुर्घटना हुई, जब रेत से भरा एक डंपर स्कूली छात्रों को ले जा रहे एक निजी वाहन से टकरा गया। टक्कर बहुत जोरदार थी, जिससे वाहन एक पेड़ से टकरा गया और परिणामस्वरूप छह छात्रों की मौत हो गई। छात्र पटियाला में अपने स्कूल से समाना अपने घर लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह से कुचल गया, जिससे शवों को निकालने के लिए क्रेन की आवश्यकता पड़ी।


**उत्तर रेलवे**

**ई. निविदा**

**खुली निविदा संख्या 06–अम्बाला/2025–26 दिनांक 07.05.2025**

वरिष्ट मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुरने रेलवे स्टेशन पर दूसरे लूप के प्रावधान के संबंध में पी.वे कार्य। | 53,61,143 | 1,07,200 | 04 महीने | 30.05.2025 |
| 2 | एडीईएन/आरपीजे अनुभाग में सीवरेज/जल निकासी प्रणाली (जीवीजी, केएनएन, आरपीजे, एसएमयू और अन्य रेलवे कॉलोनियों) की मरम्मत, पुल जलमार्ग की सफाई (ब्र. सं. 313, 325, 361–ए, 344, 331 और यूएमबी–एलडीएच सेक्शन पर अन्य पुल)। | 41,44,467 | 82,900 | 06 महीने | 30.05.2025 |
| 3 | रेलवे भूमि उपयोग की जीआईएस मैपिंग, जीपीएस आधारित डिवाइस का उपयोग करके आईआर जियो पोर्टल के लिए विस्तृत मैपिंग और अंबाला डिवीजन में जीआईएस डेटा तैयार करने और शेप फाइल प्रारूप में आउटपुट के लिए इनपुट फॉर्म का विकास। | 28,32,804 | 56,700 | 03 महीने | 30.05.2025 |
| 4 | सीनियर डीईएन–II–यूएमबी के तहत बीटीआई–एसजीएनआर खंड पर पुल संख्या 57बी (1x12.20 मीटर), 57ए (4x12.20 मीटर) और डीयूआई–बीटीआई पर पुल संख्या 172 (2x12.19 मीटर) के स्पैन 9.14 और 12.20 मीटर के बीच पुलों के उप–संरचना को मजबूत करना और पीएससी स्लैब के साथ स्टील गर्डर्स की प्रतिस्थापना के साथ–साथ पुल के उप–संरचना की जैकेटिंग और संरचनात्मक ड्राइंग की आपूर्ति। | 2,46,33,625 | 2,73,200 | 12 महीने | 30.05.2025 |
| 5 | एडीईएन/यूएमबी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एम/यूएमबी के सेक्शन में एमओवाई–यूएमबी सेक्शन पर किमी 191/16–18 पर बीआर संख्या 232 यूपी (2x12.20 एम) के पीएससी स्लैब के साथ मौजूदा स्टील गर्डर को प्रतिस्थापित करना। | 82,90,530 | 1,65,800 | 09 महीने | 30.05.2025 |
| 6 | एडीईएन/बीटीआई के अधीन एसएसई/पी.वे/बीएनएन सेक्शन में ट्रैक के दिन–प्रतिदिन के रखरखाव के संबंध में विविध कार्य। | 31,76,105 | 63,500 | 12 महीने | 30.05.2025 |
| 7 | एडीईएन/बीटीआई के अधीन एसएसई/पी.वे/बीटीआई और एसएसई/पी.वे/एबीएस अनुभाग में ट्रैक के दिन–प्रतिदिन के रखरखाव के संबंध में विविध कार्य। | 63,52,159 | 1,27,100 | 12 महीने | 30.05.2025 |
| 8 | सीनियर डीईएन–IV/UMB के सेक्शन में टीटीआर, टीएसआर, टीटीआर (टीएसआर) और अन्य ट्रैक कार्य, राजपुरा – धुरी – लेहरा मुहब्बत – टीआरआर (पी) – 82.179 टीकेएम और अंबाला डिवीजन – टीटीआर (टीएसआर) – 148 सेट (1:12 – 118 सेट और 1:8.5 – 30 सेट) के स्वीकृत कार्य। | 73,10,411 | 1,46,200 | 12 महीने | 30.05.2025 |
| 9 | सीनियर डीईएन/आई/यूएमबी अनुभाग में बीसीएम के साथ 43.850 टीकेएम की डीप स्क्रीनिंग। | 1,40,04,775 | 2,20,000 | 08 महीने | 30.05.2025 |
| 10 | यूएमबी–केएलके सेक्शन पर डीकेटी–एलएलयू स्टेशन के बीच किमी 207/3–5 पर राज्य सरकार विभाग के लिए रेलवे ट्रैक/भूमि के नीचे पहले 1200 मिमी एम.एस. एनकेसिंग पाइप और 1400 मिमी एम.एस. दूसरे केसिंग पाइप के माध्यम से 2 नग 100 मिमी (40") व्यास के डीआई वाहक पाइप की जल निकासी/सीवरेज आपूर्ति का कार्य। | 3,25,96,189 | 3,13,000 | 06 महीने | 30.05.2025 |

नोट :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई – निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 1353/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## जस्टिस वर्मा के घर नकदी बरामदगी की जांच कमेटी ने की पुष्टि

# जांच समिति ने जस्टिस वर्मा को दिया इस्तीफा देने का विकल्प

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त इन-हाउस जांच समिति ने भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को सौंपी रिपोर्ट के अनुसार 14 मार्च की रात को आग लगने के दौरान रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में हाई कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के घर पर नकदी पाए मिलने के मामले की पुष्टि की है। न्यायमूर्ति वर्मा को निष्कर्षों पर प्रतिक्रिया देने के लिए दो दिन का समय दिया गया है। उच्च पदस्थ सूत्रों ने पुष्टि की है कि जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में इस्तीफा देने का विकल्प दिया गया है। अगर वह इस्तीफा देने से इनकार करते हैं, तो महाभियोग की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ सकती है।

### अगले सप्ताह जवाब देने की अटकलें



न्यायमूर्ति वर्मा द्वारा सप्ताह के अंत तक सीजेआई के समक्ष अपना जवाब पेश किए जाने की उम्मीद है। यह भी बताया जा रहा कि अगले सप्ताह सेवानिवृत्त होने वाले सीजेआई खन्ना अपने पद से हटने से पहले भविष्य की कार्रवाई के बारे में निर्णय लेना चाहते हैं। यह निवर्तमान सीजेआई द्वारा लिए जाने वाले अंतिम बड़े निर्णयों में से एक होने की उम्मीद है।

### सीमापार तनाव के बीच सोना एक बार फिर एक लाख रुपए के पार पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारत-पाक के बीच सीमा पर तनाव बढ़ने से मांग में आई तेजी के बीच सोने की कीमतें राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को 1,000 रुपये चढ़कर एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि दिल्ली के बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,000 रुपये बढ़कर 1,00,750 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मंगलवार को यह 99,750 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। सोना 22 अप्रैल को भी 1800 रुपये चढ़कर 1,01,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा था। भारतीय सशस्त्र बलों ने देर रात पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में मौजूद नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना भी शामिल है।

### शेयर बाजार में उछाल सेंसेक्स 106 अंक चढ़ा

**मुंबई।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादी ठिकानों पर भारत के मिसाइल हमले के बाद स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को कारोबार बेहद उतार-चढ़ाव भरा रहा। हालांकि, मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के अंत में 105.71 अंक यानी 0.13 प्रतिशत चढ़कर 80,746.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 80,844.63 अंक के ऊपरी स्तर तक गया।

## ब्रिटेन में पाकिस्तानियों की नौकरी-पढ़ाई मुश्किल!

# वर्क-स्टडी वीजा के 'गलत' इस्तेमाल पर लगाएगा रोक

एजेंसी ▶▶ लंदन

दुनिया के कई देशों में लोग वर्क और स्टडी वीजा का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। सरकार ने कहा है कि वह उन विदेशी नागरिकों पर नजर रखने वाली है, जो पढ़ाई या नौकरी के वीजा पर आते हैं और फिर देश में शरण मांगते हैं। ब्रिटिश सरकार ने बताया कि ऐसे लोगों में पाकिस्तानी नागरिक सबसे ज्यादा हैं। सरकार इस महीने के आखिर में 'इमिग्रेशन व्हाइट पेपर' लाएगी, जिसमें योजनाओं के बारे में बताया जाएगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, ब्रिटेन में शरण मांगने वालों में पाकिस्तानी नागरिकों की संख्या सबसे ज्यादा बढ़ी है। पिछले साल यह संख्या 79% बढ़कर 10,542 हो गई।



गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, "हम उन विदेशी नागरिकों की जानकारी जुटा रहे हैं, जो काम और पढ़ाई के वीजा पर आते हैं और फिर शरण मांगते हैं। हम ऐसे लोगों को जल्दी पहचानने के लिए काम कर रहे हैं।" प्रवक्ता ने आगे कहा, "हम वीजा सिस्टम पर लगातार नजर रख रहे हैं। अगर हमें लगता है कि कोई हमारी इमिग्रेशन नियमों का गलत इस्तेमाल कर रहा है, तो हम तुरंत कार्रवाई करेंगे।

## भारत-यूके में मुक्त व्यापार समझौता

# हीरे-चांदी समेत कई सामानों पर शुल्क में कोई छूट नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते के तहत भारत कुछ सामानों पर ब्रिटेन के उद्योगों को शुल्क में कोई छूट नहीं देगा। जिन सामानों पर शुल्क में छूट नहीं दी जाएगी, उनमें हीरे, चांदी, स्मार्टफोन और ऑप्टिकल फाइबर आदि शामिल हैं। वहीं समझौते के तहत ब्रिटेन से आयात होने वाले पेट्रोल और डीजल इंजन वाहनों पर भी शुल्क में सीमित छूट मिलेगी। दोनों देशों के बीच इस पर सहमति बनी है। मुक्त व्यापार समझौते के तहत ब्रिटेन से रियायती सीमा शुल्क दर पर आयात होने वाले ब्रिटिश इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के आयात



का कोटा भी केवल कुछ हजारों तक सीमित है। वहीं संवेदनशील औद्योगिक उत्पादों जैसे प्लास्टिक, हीरा, चांदी, स्मार्टफोन, टेलीविजन कैमरा ट्यूब, ऑप्टिकल फाइबर बंडल और केबल को भी एफटीए से बाहर रखा गया है। इसके चलते इन सामानों के आयात पर भारत द्वारा ब्रिटेन को कोई लाभ नहीं दिया जाएगा। एफटीए के तहत भारत के ऑटो सेक्टर को खोला गया है।

## पहलगाम हमले के बाद भारत की जवाबी सैन्य कार्रवाई पर बोले-रक्षा विशेषज्ञ

# ऑपरेशन सिंदूर से पूरी तरह से नहीं टूटेंगे पाकिस्तान के आतंकी हौसले, अलर्ट रहें

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

पिछले महीने 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा अपने पाले हुए आतंकियों की मदद से किए गए हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर की कड़ी कार्रवाई को अंजाम दे दिया है। जिसमें पाक अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मौजूद लश्करे तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के कुल 9 आतंकी ठिकानों को पूरी तरह से ध्वस्त किया गया है। यहां ध्यान देने वाली बात एक यह भी है कि पाक पंजाब के बहावलपुर में मौजूद आतंकी ठिकानों पर भारत ने 1971 की लड़ाई के बाद अब निशाना साधा है। लेकिन इन सबके बावजूद भारत और उसकी सशस्त्र सेनाओं (सेना, वायुसेना और नौसेना) को फिलहाल पूरी सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

क्योंकि हमारी यह कार्रवाई एक प्रकार से आतंकवाद रूपी सांप को डराकर उसके बिल में वापस भेजने के समान ही है। इससे हालांकि पाकिस्तान और उसकी शरण लिए हुए आतंकियों के हौसले पूरी तरह से नहीं टूटेंगे। यह जानकारी ऑपरेशन सिंदूर के बाद हरिभूमि से बातचीत में रक्षा विशेषज्ञों ने दी।

### नापाक हरकत की तो निपट जाएगा पाक

सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी ने कहा कि इस अभियान के जरिए देश की सेनाओं ने हमले में मारे गए पीड़ित परिवारों की महिलाओं के सिंदूर की लाज रख ली और देश में करोड़ों लोगों का जो आक्रोश था। वह भी अब कम हो जाएगा। यह एक्शन बहुत जरूरी था। वास्तव में इससे भारत को काफी फायदा हुआ है। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर से हुई बेइज्जती के जवाब में अगर पाकिस्तान भारत के खिलाफ कोई कार्रवाई करता है और उसका हमें कोई नुकसान हुआ। तो यह बिलकुल साफ है कि उसके जवाब में उसे भयंकर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। भारत की सख्त प्रतिक्रिया को लेकर मेरे मन में कोई संशय नहीं है।

### पूरी जिम्मेदारी, परिपक्वता से दिया जवाब

सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी मेजर जनरल एस.बी.एस अस्थाना ने कहा कि भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई बिना किसी उकसावे के पूरी जिम्मेदारी, सटीकता और परिपक्वता के साथ की गई है। हमने खुफिया इनपुट के आधार पर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर उन्हें नष्ट किया है। दूसरी तरफ अब भारत ने पाकिस्तान को काफी मुसीबत में डाल दिया है। क्योंकि अगर उनकी सेना जवाबी कार्रवाई नहीं करेगी तो उनकी इज्जत खराब होगी और पाकिस्तान में बना हुआ वर्चस्व भी कम होगा।

### बलोच लिबरेशन आर्मी व टीटीपी का बढ़ेगा हौसला

मेजर जनरल अस्थाना ने कहा कि भारत के इस एक्शन के बाद पाकिस्तान की परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी गीदड़ भभकी साबित हो गई है। वहीं, इससे पाक सेना के अत्याचारों से त्रस्त बलोच लिबरेशन आर्मी और तहरीक ए तालिबान-पाकिस्तान जैसे संगठनों के हौसले भी कई गुना बढ़ेंगे। मैं ये स्पष्ट करना चाहूंगा कि भारत की इस कार्रवाई से पाक में मौजूद आतंकवाद का पूरी तरह से खात्मा नहीं होगा। सूत्रों ने बताया कि यह हमला सेना और वायुसेना का एक संयुक्त अभियान था।


हरियाणा सरकार | Haryana Shehri Vikas Pradhikaran



**हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण लेकर आए हैं**

**आवासीय, व्यावसायिक, संस्थागत सम्पत्तियों और बहु-मंजिला अपार्टमेंट की ई-नीलामी**

**दिनांक : 21 से 30 मई, 2025**

| नीलामी की तिथि | साइटों का ब्यौरा | ज़ोन |
|---|---|---|
| 21 मई, 2025 (बुधवार) | प्रेफरेंशियल सम्पत्तियां (आवासीय व व्यावसायिक) | सभी ज़ोन |
| 22 मई, 2025 (गुरुवार) | आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियां | पंचकूला और हिसार ज़ोन |
| 23 मई, 2025 (शुक्रवार) | आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियां | रोहतक और फरीदाबाद ज़ोन |
| 27 मई, 2025 (मंगलवार) | आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियां | गुरुग्राम ज़ोन |
| 28 मई, 2025 (बुधवार) | नर्सिंग होम, क्लिनिक व सभी स्कूल की साइटें | सभी ज़ोन |
| 30 मई, 2025 (शुक्रवार) | मेजर साइटें ( व्यावसायिक साईट, शॉपिंग मॉल, अस्पताल और संस्थागत साईट) और कंपोजिट साईट सेक्टर - 43, गुरुग्राम | सभी ज़ोन |

दिनांक 16/04/2025 को प्रकाशित विज्ञापन के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि प्रशासनिक कारणों से ई-नीलामी की तिथियों को पुनः निर्धारित किया गया है।

ई-नीलामी 2025-26 की कलेक्टर रेट/आवंटन दरों/संस्थागत दरों के आधार पर इस शर्त के साथ आयोजित की जाएगी कि यदि वर्ष 2025-26 के लिए कलेक्टर रेट/आवंटन दरों/संस्थागत दरों को संशोधित किया जाता है तो तत्पश्चात बोली राशि को आनुपातिक आधार पर संशोधित किया जाएगा और बिडर अंतर राशि का भुगतान करने के लिए बाध्य होगा।

पंजीकरण ई-नीलामी की निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व बंद हो जाएगा।
ई-नीलामी सुबह 10 बजे शुरू की जाएगी।

मुख्य बैंकों से ऋण की सुविधा उपलब्ध।
*नियम एवं शर्तें लागू
*इस ई-नीलामी में कोई भी व्यक्ति, कंपनी व सोसायटी/समिति भाग ले सकते हैं।

*ई-नीलामी में दर्शाई गई सम्पत्तियों को बिना नोटिस ई-नीलामी से हटाया जा सकता है।

EPABX - 0172-2567858, 2587185
हेल्पलाइन नंबर: 1800-180-3030

*यदि ई.एम.डी. जमा करवाने की अंतिम तिथि के दिन बैंक अवकाश पड़ता है, तो उस स्थिति में, बैंक अवकाश से पूर्व पड़ने वाले बैंक कार्य दिवस को चालान द्वारा ई.एम.डी. जमा करवाने की अंतिम तिथि माना जाएगा।

एच.एस.वी.पी. ई-ऑक्शन के पोर्टल के लिंक के लिए https://hsvphry.org.in पर जाएं
किसी भी जानकारी के लिए हमें ई-मेल करें : eauctioncell.hsvp@gmail.com

मुख्य प्रशासक
हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण
सी-3, एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-6, पंचकूला 134 109, हरियाणा।
hsvphry.org.in. Hsvphry

स्थलों की पूरी जानकारी और ई-नीलामी के नियम और शर्तें एच एस वी पी की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
आने वाली ई-नीलामी की जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएं। https://hsvphry.org.in

